
उज्जैन
गुरुवार
16
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-162
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



रणबीर-आलिया की शादी की चौथी एनिवर्सरी बर्फबारी के बीच सेलब्रेशन बर्फबारी के बीच सेलब्रेशन

पेज- 8

## भारत को रूसी तेल पर अमेरिकी छूट नहीं मिलेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस और ईरान से तेल खरीद पर दी जा रही छूट को रोकने का फैसला किया है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को कहा कि हम रूसी तेल पर दी गई छूट को रिन्यू नहीं करेंगे। इससे पहले मंगलवार को ही ट्रेजरी डिपार्टमेंट ने ईरानी तेल पर मिलने वाली छूट पर भी रोक लगा दी थी।




व्हाइट हाउस की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए बेसेंट ने कहा कि हम रूसी और ईरानी तेल पर देशों को मिल रहे जनरल लाइसेंस को रिन्यू नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यह छूट उन तेल खेपों के लिए थी जो 11 मार्च से पहले समुद्र में थीं और उनका उपयोग हो चुका है। ऐसे में आगे किसी भी देश को यह राहत नहीं मिलेगी।

## महिला आरक्षण संशोधन बिल आज संसद में पेश होगा

**नई दिल्ली।** संसद में आज महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े 3 बिल पेश किए जाएंगे। इन बिलों में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 2029 से 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव है। इसके लिए तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। संशोधन बिल में लोकसभा सांसदों की संख्या 850 करने का प्रस्ताव है। मौजूदा संख्या 543 है। राज्यों में 815 और केंद्र शासित प्रदेशों में 35 तक सीटें होंगी। सीटों की सटीक संख्या तय करने के लिए परिसीमन भी किया जाएगा। 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। बिलों पर 16, 17 और 18 अप्रैल को चर्चा होगी। पहले 2 दिन लोकसभा में 18 घंटे चर्चा के लिए तय किए गए हैं। वहीं राज्यसभा में 10 घंटे तक संशोधन बिलों पर चर्चा होगी।

## घुसपैठियों को वोटर लिस्ट से हटाया, अब देश से निकालेंगे

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाली नव वर्ष के अवसर पर लोगों को 'पोइला बोइशाख' की शुभकामनाएं दीं और मतदाताओं से कहा कि वे दिल्ली के जमींदारों द्वारा लोगों के मतदान के अधिकार छीनने के प्रयासों का मुंहतोड़ जवाब दें। वहीं, कूचबिहार जिले के तूफानगंज में एक सभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- वोटर लिस्ट से घुसपैठियों के नाम हटाए गए हैं, अब उन्हें देश की सीमा से बाहर करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार बॉर्डर फेंसिंग के लिए जरूरी 600 एकड़ जमीन बीएसएफ को नहीं देना चाहती।



## दिल्ली में मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी गिरफ्तार पुलिस पर फायरिंग की

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरिता विहार इलाके में क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला कर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई और उन्हें दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई में कोई घायल नहीं हुआ है। आरोपियों के पास से दो देसी पिस्टल और एक 12 बोर की बंदूक बरामद की गई है, जिनसे तीन राउंड फायर किए गए थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। यह जांच की जा रही है कि वे दिल्ली में कब से रह रहे थे और क्या उनका किसी आपराधिक गिरोह से संबंध है।

### पश्चिम एशिया युद्ध की मार के कारण

# मप्र का सोया निर्यात 50% गिरा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश, जिसे देश का 'सोया स्टेट' कहा जाता है, इस वक्त एक बड़े वैश्विक आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष और शिपिंग रूट्स में आए व्यवधान के कारण भारत का सोया मील निर्यात मार्च महीने में 50 फीसदी तक गिरने के आसार हैं। फरवरी में जहां करीब 93,000 टन का निर्यात हुआ था, वहीं मार्च में इसके महज 40,000 से 50,000 टन रहने का अनुमान है। इस गिरावट का सीधा असर मध्य प्रदेश की मंडियों और किसानों की आय पर दिखना शुरू हो गया है।

**मंडियों में पसरा सन्नाटा**



### निर्यात घटने के 3 बड़े कारण

सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार, निर्यात गतिविधियों पर लॉजिस्टिकल चुनौतियों का पहाड़ टूट पड़ा है। लाल सागर और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण जहाजों के रास्ते बदल गए हैं या देरी हो रही है। इससे माल ढुलाई का खर्च और इंश्योरेंस प्रीमियम काफी बढ़ गया है। निर्यातकों को माल भेजने के लिए खाली कंटेनर नहीं मिल रहे हैं, जिससे फ्रेश ऑर्डर लेने में जोखिम बढ़ गया है। इसके अलावा भारतीय सोया मील अंतरराष्ट्रीय बाजार में \$500-\$505 प्रति टन पर है, जबकि ब्राजील और अर्जेंटीना जैसे देश \$420-\$430 में माल दे रहे हैं। महंगा होने के कारण भारतीय माल की मांग कम हो गई है।

### एमपी की मंडियों पर असर

मध्य प्रदेश भारत के कुल सोयाबीन उत्पादन और व्यापार का केंद्र है। निर्यात में सुस्ती का सीधा मतलब है कि स्थानीय मंडियों में स्टॉक का उठाव धीमा हो गया है। व्यापारियों की धारणा कमजोर हुई है और इसका सीधा दबाव सोयाबीन के भावों पर देखा जा रहा है। ईरान और अन्य खाड़ी देशों ने अपनी खरीदारी कम कर दी है, जिससे घरेलू स्टॉक बढ़ रहा है। मार्केट में अनिश्चितता बनी हुई है। शिपिंग रूट्स बाधित होने से निकट भविष्य में सुधार की उम्मीद कम है। भारतीय मूल के मील की कीमतें पहले ही ज्यादा थीं, ऊपर से भू-राजनीतिक तनाव ने मांग को और कम कर दिया है और नए ऑर्डर टल रहे हैं। - **वी.के. जैन, इंदौर आधारित निर्यातक**

## अभिनेत्री सोनल चौहान महाकाल दर्शन करने पहुंचीं



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

हिंदी और तेलगु फिल्म की प्रसिद्ध अभिनेत्री और मिस वर्ल्ड टूरिज्म का खिताब जीतने वाली सोनल चौहान गुरुवार को महाकाल मंदिर पहुंचीं। उन्होंने तड़के चार बजे होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

सोनल चौहान, ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन करने के लिए रात करीब दो बजे महाकाल मंदिर पहुंचीं। इस दौरान करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती में शामिल हुईं। सोनल ने नंदी जी का पूजन कर कान में अपनी मनोकामना कही।

# लखनऊ में 250 से ज्यादा झोपड़ियां जलीं

### 30 सिलेंडर फटे, 4 बच्चे जिंदा जल गए, 10 किलोमीटर दूर तक दिखीं लपटें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ**

लखनऊ में बुधवार शाम साढ़े 5 बजे भीषण आग लग गई। विकासनगर इलाके में लगी इस आग से 30 से ज्यादा सिलेंडर फट गए। 250 से ज्यादा झुग्गी-झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। करीब 10 किलोमीटर दूर तक आग की लपटें देखी गईं। आग लगने के बाद आसपास के करीब 20 मकानों को खाली करा लिया गया।

फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान इलाके की लाइट काट दी गई। एक युवक का कहना है कि उसके 4 बच्चों की जलकर मौत हो गई है। बाकी लोगों का सारा सामान जलकर राख हो गया। जिनकी झोपड़ियां जलीं, वो लोग रोते-बिलखते रहे। कुछ लोगों का आरोप है कि जानबूझकर आग लगाई गई है।

सीएम योगी ने आग की घटना का संज्ञान लेते हुए अफसरों को तुरंत मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से तेजी से बचाव कार्य करने के आदेश दिए।

### आंध्र प्रदेश में भीषण सड़क हादसा

## टैंकर की बोलेरो से टक्कर, 8 श्रद्धालुओं की मौत, 13 घायल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कुरनूल**

आंध्र प्रदेश के कुरनूल में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां कल्लूदेवकुंटा गांव के पास गुरुवार सुबह बजरी से लदे एक टैंकर की बोलेरो से टक्कर हो गई। इस हादसे में बोलेरो सवार 8 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग चिक्कबल्लापुर के रहने थे। ये श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए बोलेरो गाड़ी से जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कल्लूदेवकुंटा के पास विपरीत दिशा से आ रहे सीमेंट और बजरी से लदे एक टैंकर की बोलेरो से टक्कर हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि छह श्रद्धालुओं की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य की




इलाज के बाद मौत हो गई। बोलेरो का पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन के पुर्जे सड़क पर बिखरे दिखाई दिए। काफी देर तक अफरातफरी की स्थिति रही। गाड़ी में ही कुछ लोग बुरी तरह फंस गए। इन्हें राहगीरों की मदद से बाहर निकाला गया। मौके पर भीड़ जुट गई।

### दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट

## टाईम मैगजीन: 100 सूची में सुंदर पिचाई रणबीर कपूर और विकास खन्ना शामिल



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दुनिया की प्रतिष्ठित टाईम मैगजीन ने बुधवार को 2026 की टाईम100 सूची जारी की, जिसमें भारत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों को शामिल किया गया। इस साल सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर और शेफ विकास खन्ना को वैश्विक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया।

हर साल जारी होने वाली यह सूची मनोरंजन, तकनीक, वित्त, खेल, एक्टिवज्म और अकादमिक क्षेत्रों के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची होती है। टाईम मैगजीन की टाईम100 सूची में पहले शाहरुख खान, सचिन तेंदुलकर, नरेंद्र मोदी, दीपिका पादुकोण और महात्मा गांधी भी शामिल हो चुके हैं।

**विकास खन्ना ने इसे गर्व का क्षण बताया-** मशहूर शेफ विकास खन्ना ने इसे गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कहा कि 2026 की टाईम100 सूची में शामिल होना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है। खन्ना ने इस सम्मान का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी दादी, मां और बहन के त्याग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंच सके हैं।

# राजस्थान-मप्र समेत 8 राज्यों में लू

### अकोला सबसे गर्म, पारा-44 डिग्री, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में बर्फबारी का अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली/भोपाल**

देश के मध्य और दक्षिणी हिस्से में तेज गर्मी पड़ने लगी है। पिछले 2 दिन से राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली और महाराष्ट्र में पारा 40 से 44 डिग्री के बीच चल रहा है।

गुरुवार को महाराष्ट्र के अकोला में 44.2डिग्री, राजस्थान के बाड़मेर में 42.8डिग्री, मध्य प्रदेश के नौगांव में 42डिग्री, आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में 43.4डिग्री, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 43डिग्री और उत्तर प्रदेश के बांदा में भी पारा 44डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



मौसम विभाग के मुताबिक अचानक गर्मी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर पड़ना है। ऐसा मौसम 20 अप्रैल तक रहेगा, जिसके कारण पश्चिमी, मध्य और दक्षिण भारत में भीषण गर्मी पड़ेगी।

- गर्मी के असर से बच्चों को बचाने के लिए महाराष्ट्र के वर्धा में गुरुवार को सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्देश दिया है। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में गर्मी के कारण स्कूलों का समय बदला गया है।
- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गंगा से सटे बंगाल और नगालैंड में आज बिजली गिरने के साथ आंधी-बारिश होने का अनुमान है। जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी, पंजाब और हरियाणा में बारिश हो सकती है। जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं।

## एमपी के हजारों कर्मचारियों का डीए 5 प्रतिशत बढ़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश सरकार ने छठा वेतनमान पा रहे करीब 40 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने इनके महंगाई भत्ते में 5 फीसदी बढ़ोतरी कर दी है। वित्त विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं।

बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अप्रैल 2026 के वेतन से लागू होगा, जबकि इसका लाभ 1 जुलाई 2025 से दिया जाएगा। इसके बाद कर्मचारियों का डीए 252 प्रतिशत से बढ़कर 257 प्रतिशत हो जाएगा। सरकार ने तय किया है कि जुलाई 2025 से लेकर मार्च 2026 तक का एरियर कर्मचारियों को छह समान किस्तों में दिया जाएगा। यह भुगतान मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2026 में किया जाएगा। जो कर्मचारी या अधिकारी इस अवधि में रिटायर हो चुके हैं, उन्हें एरियर की राशि एकमुश्त दी जाएगी।

## खबर एक नजर...

### मनी रेसीडेंसी में जबलपुर के युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** जबलपुर के रहने वाले युवक ने मंगलवार-बुधवार रात फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दी है। गुरूवार सुबह परिजनों के पहुंचने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि विष्णुपुरा क्षेत्र में मनी रेसीडेंसी के फ्लैट में किराये से रहने वाले अनिल पिता अशोक 20 साल निवासी जबलपुर ने रात में फांसी लगा ली थी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। फ्लेट में रहने वाले मृतक के साथियों ने बताया कि टॉवर चौक पर होटल में काम करते है। सभी अलग-अलग कमरे में रहते है। मंगलवार को अनिल काम पर नहीं गया था। जब रात में वह होटल से लौटते तो अनिल के कमरे का दरवाजा बंद था। खटखटाने पर नहीं खुला तो खिड़की से देखा वह रस्सी के फंदे से पंखे पर लटका हुआ था। पुलिस के अनुसार दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा गया है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होना सामने आ रहा है। मृतक मोबाइल पर काफी देर तक किसी युवती से बात करता था। फिलहाल घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक का मोबाइल जांच में जप्त किया गया है।

### सौ साल की वृद्धा को बहू-पोतियों ने मिलकर पीटा

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम लसुडिया बेचर में रहने वाली सौ साल की वृद्धा रामकुंवरबाई पति इंदूसिंह का पोते विजय और कृपाल मंगलवार रात उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। विजय ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर बहू कृष्णाबाई और 2 पोती पूजा, कविता ने मारपीट कर घायल किया है। रामकुवंरबाई के 3 बेटे है। बड़े बेटे मेहरबानसिंह की 8 साल पहले मौत हो गई थी। उसने 11 बीघा जमीन खरीदी थी। बेटे की मौत के बाद रामकुवंरबाई ने उक्त जमीन को तीनों बेटों के परिवार में बांटने की बात कहीं थी। इसी बात पर मृतक मेहरबान की पत्नी और बेटियों ने जमीन का बंटवारा नहीं करने और मेहरबान द्वारा खरीदने पर अपना हक बताते हुए मारपीट की है।

### ट्रेक्टर ने आटो को मारी टक्कर, चालक घायल

**उज्जैन।** चिंतामण मार्ग पर गुरूकुल के सामने ट्रेक्टर और आटो के बीच भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में आटो क्षतिग्रस्त हो गया और चालक राकेश पिता जगदीश वर्मा निवासी ज्ञान टेकरी पीपलीनाका घायल हो गया। दुर्घटना में घायल आटो चालक की शिकायत पर चिंतामण गणेश थाना पुलिस द्वारा ट्रेक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

### निगम का सम्मेलन कल, नारी शक्ति वंदन पर चर्चा

**उज्जैन।** नगर पालिक निगम का विशेष सम्मिलन 17 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर 1 बजे से छत्रपति शिवाजी भवन स्थित नगर निगम के सभागृह में होगा। सम्मिलन की अध्यक्षता निगम अध्यक्ष कलावती यादव करेंगी। बैठक की शुरूआत डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी, इसके बाद नारी शक्ति वंदन विषय पर चर्चा प्रस्तावित है।

### अर्जी वाले हनुमान मंदिर में 108 जोड़ों ने किया सुंदरकांड

**उज्जैन।** बड़नगर रोड स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें 108 सामूहिक जोड़ों ने एकसाथ पाठ किया। कार्यक्रम महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज के सानिध्य में हुआ। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और भजनों की प्रस्तुति के दौरान भक्तजन भक्ति भाव में झूमते नजर आए। इस मौके पर मंदिर समिति की अध्यक्ष महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी, सावित्री महंत, दारा सिंह, शिवानी पाटीदार, पूजा यादव, सीमा जाट, योगेश जोशी, प्राणेश शुक्ला, टीना झाला, पंकज जायसवाल, रोहित पंडित और नीलेश पांचाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

### हाई स्कूल परिणाम : संभाग का परिणाम पिछले वर्ष की अपेक्षा 5.77 प्रतिशत गिरा

# प्रदेश में उज्जैन 10वीं में 14वां और 12वीं में 15वां स्थान

## संभाग के 7 जिलों में मुख्यालय उज्जैन 10 वीं में दूसरे क्रम पर और हायर सेकेंडरी में तीसरा नंबर पर रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम एक साथ घोषित कर दिए हैं। इसके साथ ही मंडल ने परिणाम सुधार के लिए भी तैयारी घोषित कर दी है। मई से ही इसकी शुरूआत होने वाली है। जारी परिणाम में उज्जैन संभाग का परिणाम पिछले वर्ष की अपेक्षा 5.77 प्रतिशत गिरा है। प्रदेश में उज्जैन जिला 10वीं के परिणाम में 14 वें क्रम पर और 12 वीं में 15 वें स्थान पर रहा है। यहां तक की उज्जैन संभाग में भी मुख्यालय उज्जैन का क्रम 7 जिलों में दुसरे एवं तीसरे नंबर पर रहा है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के परिणाम में प्रदेश में उज्जैन का नंबर विगत वर्ष की अपेक्षा सुधार पर रहा है। जिले में बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय स्कूलों का 10वी में 2.5% एवं 12 वी में 6.24% की बढ़ोतरी हुई । जिले ने कक्षा 10 वी में 83.03% एवं कक्षा 12 वी में 86.23 % परीक्षा फल प्राप्त किया जो गत वर्ष से क्रमशः 2.5% एवं 6.24% ज्यादा रहा । वही कक्षा 10 वी में 8 एवं कक्षा 12 वी में 6 विद्यार्थियों ने राज्य मेरिट में स्थान प्राप्त किया । कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्रेयान्स कुमट द्वारा मॉडल महिदपुर के विद्यालय का भ्रमण कर श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम वाले विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें बधाई दी गई। विभागीय अधिकारियों में जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री एवं एडीपीसी गिरीश तिवारी द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गईं। एडीपीसी गिरीश तिवारी के अनुसार जिले में 60 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं के 18 एवं कक्षा 12वीं के 3 विद्यालयों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाएगा।



### संभाग में 10वीं का परिणाम 5.77 प्रतिशत गिरा

उज्जैन संभाग के 7 जिलों में बोर्ड परीक्षा के परिणाम में कक्षा 10 वीं में पिछले वर्ष के परिणाम की अपेक्षा गिरावट दर्ज की गई है। संभाग के मंदसौर , शाजापुर एवं देवास जिले में यह गिरावट दर्ज की गई है। कुल जमा संभाग में पिछले वर्ष के परीक्षा परिणाम 81.25 फीसदी की अपेक्षा इस वर्ष 75.48 फीसदी ही रहा है। नीमच,उज्जैन,रतलाम,आगर मालवा जिलों में करीब 3 फीसदी से लेकर दो फीसदी तक परिणाम में सुधार आया है।

### हायर सेकेंडरी में 1.59 फीसदी की गिरावट दर्ज

संभाग के 7 जिलों में इस वर्ष हायरसेकेंडरी कक्षा 12 वीं के परिणाम में भी 1.59 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। संभाग के नीमच,मंदसौर, उज्जैन, रतलाम ,आगर मालवा जिलों में जहां 6.24 प्रतिशत से लेकर 1.16 प्रतिशत तक परिणाम पिछले वर्ष की अपेक्षा बेहतर रहा है वहीं शाजापुर, देवास में परिणाम 2.22 से लेकर 11.33 प्रतिशत तक गिरा है।

### संभाग एक नजर में- 10वीं का परिणाम

| जिला | वर्ष 2025 | वर्ष 2026 |
|---|---|---|
| नीमच | 87.29 | 90.21 |
| उज्जैन | 80.57 | 83.07 |
| मंदसौर | 83.55 | 80.92 |
| रतलाम | 78.84 | 80.77 |
| शाजापुर | 86.22 | 79.53 |
| आगर-मालवा | 72.36 | 74.36 |
| देवास | 84.05 | 67.38 |

नोट-आंकडे प्रतिशत में हैं। स्त्रोत-जिला शिक्षा कार्यालय, उज्जैन

### संभाग एक नजर में- 12 वीं का परिणाम

| जिला | वर्ष2025 | वर्ष 2026 |
|---|---|---|
| नीमच | 86.34 | 90.46 |
| उज्जैन | 79.99 | 86.23 |
| मंदसौर | 83.13 | 87.53 |
| रतलाम | 79.59 | 83.83 |
| शाजापुर | 86.01 | 83.79 |
| आगर-मालवा | 73.45 | 74.61 |
| देवास | 82.18 | 70.85 |

नोट-आंकडे प्रतिशत में हैं। स्त्रोत-जिला शिक्षा कार्यालय, उज्जैन

### देवास की वजह से संभाग का क्रम गिरा

माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के घोषित परिणाम में उज्जैन संभाग के देवास जिला इस वर्ष अपने स्तर को बचाने में नाकामयाब रहा है। पिछले वर्षों में संभाग में अच्छे परिणाम के साथ सामने आने वाला देवास में इस वर्ष आकस्मिक रूप से परिणाम की गिरावट बहुत ज्यादा सामने आई है। इसे लेकर देवास में काफी चचाओं का दौर जारी है। देवास जिला में कक्षा 10 वीं के परिणाम में 16.67 प्रतिशत एवं 12 वीं में 11.33 प्रतिशत की गिरावट को लेकर चिंतन का दौर शुरू हो चुका है,जबकि पिछले वर्षों में उसके परिणाम संभाग के अन्य जिलों में 10 वीं के परिणाम में तीसरे क्रम पर और 12 वीं के परिणाम में चौथे क्रम पर रहे थे। देवास जिला में आकस्मिक रूप से परिणाम की यह गिरावट कई सवालों को जन्म दे रही है। शिक्षा विभाग भी इसे लेकर कमियों को तलाशने में जुट गया है।

### उज्जैन का परिणाम गत वर्ष की अपेक्षा सुधरा

उज्जैन में कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम गत वर्ष 80.57% था, जो इस वर्ष बढ़कर 83.03% हो गया है। इस प्रकार लगभग 2.5% की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं कक्षा 12वीं का परिणाम 79.99% से बढ़कर 86.23% हो गया, जो 6.24% की महत्वपूर्ण वृद्धि को दशार्ता है।

### 10वीं के 28 प्रतिशत, 12वीं के 6 स्कूलों का 100 प्रतिशत परिणाम

जिला शिक्षा विभाग के अनुसार परिणामों के अनुसार जिले में कक्षा 10वीं में कुल 7517 परीक्षार्थियों में से 6207 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि कक्षा 12वीं में 6110 में से 5267 विद्यार्थी सफल रहे। कक्षा 10वीं में 4483 (59.64%) एवं कक्षा 12वीं में 4137 (67.72%) विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

### अष्टतीर्थ यात्रा कर भगवान नागचंद्रेश्वर को लौटायेंगे बल

# आज पंचक्रोशी यात्रियों का नगर प्रवेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आस्था की 118 किलोमीटर पंचक्रोशी यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं का आज नगर प्रवेश होगा। श्रद्धालु क्षिप्रा नदी पहुंचकर नहान करेगें और अष्टतीर्थ यात्रा पूरी कर पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर पहुंचकर बल लौटायेंगे।

12 अप्रैल को हजारों की संख्या में श्रद्धालु 118 किलोमीटर की पंचक्रोशी यात्रा पर निकले थे। यात्रा में शहर के प्रथम नागरिक महापौर मुकेश टटवाल भी शामिल थे। 118 किलोमीटर की यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पांच पड़ाव के साथ 2 उपपड़ाव भी विश्राम किया, अब यात्रा अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। आज से श्रद्धालुओं का नगर प्रवेश शुरू हो रहा है। श्रद्धालुओं ने जिस मार्ग से यात्रा की शुरूआत की थी उसी मार्ग से लौटते हुए मोक्षदायिनी क्षिप्रा के रामघाट का रूख करेंगे। जहां आस्था का नहान करने के बाद क्षिप्रा के घाटों पर बने मंदिरों के दर्शन करने के लिये अष्टतीर्थ यात्रा की शुरूआत करेंगे। उसके बाद यात्रा से पहले पटनी बाजार स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर से लिया गया बल वापस लौटाने पहुंचेंगे। पंचक्रोशी यात्रियों के नगर प्रवेश पर कई स्थानों पर उनका स्वागत वंदन किया जायेगा। इस बार यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई, 40 डिग्री के आसपास बने तापमान में श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा को सुगमता से पूरा किया।



### 2 दिन पहले निकले यात्रियों का नगर प्रवेश

प्रशासन की ओर से अधिकृत पंचक्रोशी यात्रा 12 से 16 अप्रैल तक आयोजित की गई थी। लेकिन हर वर्ष की तरह इस बार भी 2 दिन पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा की शुरूआत कर दी थी। बुधवार को उनकी यात्रा पूरी होने पर उनका नगर प्रवेश हुआ। प्रशासन और पुलिस ने बुधवार से शुरू हुए नगर प्रवेश को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था बुधवार सुबह ही पुख्ता कर दिया था। वैसे भी एसपी प्रदीप शर्मा पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो खुद यात्रा के पड़ाव और मार्गो पर पहुंच रहे थे। इस दौरान उन्होने कई पडाव स्थलों पर श्रद्धालुओं के साथ दाल-बाटी का स्वाद लिया।

### मनरेगा अधिकारी दो दिनों तक सामूहिक अवकाश पर

# आठ माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज अधिकारी काम नहीं करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कार्यरत संविदा अधिकारी, कर्मचारी और उपयंत्री लंबे समय से वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित हो गए हैं। अपनी मांगों को लेकर जिले के समस्त तकनीकी अमले और कर्मचारियों ने 16 और 17 अप्रैल को दो दिवसीय सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया है। इससे मनरेगा के कई कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

मनरेगा अभियंता संघ मध्यप्रदेश की ओर से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अवगत कराया गया है कि जनपद पंचायतों में कार्यरत उपयंत्रियों को पिछले 8 माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार के दैनिक खर्च, बच्चों की स्कूल फीस और इलाज जैसे जरूरी खर्च पूरे करना मुश्किल हो गया है। लगातार आर्थिक अस्थिरता के चलते कर्मचारियों में मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है।


कर्मचारियों का कहना है कि वेतन न मिलने के बावजूद उन्होंने जलगंगा संवर्धन योजना सहित शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में लगातार काम किया और जिले को बेहतर प्रदर्शन दिलाने में योगदान दिया।

इस आंदोलन में जिले के प्रमुख उपयंत्री और समन्वयक-इंजी. गजेन्द्र कुमार कठाने, इंजी. शेख सिद्दीक कुरैशी, इंजी. सुमित प्रताप सिंह, इंजी. अनिल पांडे, इंजी. विनय जायसवाल, इंजी. कुंदन मुकाती और इंजी. आर.डी. किरार शामिल हैं। वहीं प्रांतीय स्तर पर संघ का नेतृत्व अध्यक्ष इंजी. सतीश समेले, उपाध्यक्ष इंजी. राघवेन्द्र शर्मा और सचिव इंजी. अनुराग राजपूत कर रहे हैं।

संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वेतन भुगतान नहीं होने की स्थिति में सभी संविदा अधिकारी और कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे, जिससे मनरेगा के कार्यों पर व्यापक असर पड़ सकता है।

उज्जैन
गुरुवार
16
अप्रैल, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### पुणे गई सास के घर का ताला तोड़ घुसी बहू, कब्जे की कोशिश का आरोप

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बीच मकान पर कब्जा करने की कोशिश का मामला सामने आया है। एक बुजुर्ग महिला ने अपनी बहू, उसके पिता और अन्य साथियों पर घर का ताला तोड़कर जबरन घुसने का आरोप लगाया है। आरोप है कि बहू अब सास को ही घर में प्रवेश नहीं करने दे रही है। पुलिस के मुताबिक सिल्वर पार्क कॉलोनी निवासी 62 वर्षीय शीला शर्मा ने बताया कि उनका बेटा आशीष साल 2020 से बेंगलुरु में निजी नौकरी कर रहा है और वह इंदौर स्थित मकान में अकेली रहती थीं। हाल ही में उनकी छोटी बेटी दीपिका के यहां पुणे में बच्चा हुआ था, जिसके चलते वह कुछ दिनों के लिए पुणे गई हुई थीं। इसी दौरान 22 मार्च 2026 को सुबह करीब 11:30 बजे उनकी बहू आरती शर्मा अपने पिता बादशाह बरुआ और दो अन्य लोगों के साथ घर पहुंची। आरोप है कि सभी ने मिलकर मकान का ताला तोड़ दिया और बिना अनुमति घर के अंदर घुस गए। महिला का कहना है कि आरोपियों का मकसद मकान पर कब्जा करना था। उन्होंने बताया कि उनके बेटे और बहू के बीच पहले से ही दहेज प्रताड़ना, भरण-पोषण और तलाक से जुड़े मामले कोर्ट में लंबित हैं। इसी पारिवारिक विवाद के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया।

### कचरा-गंदगी मिली दरोगा की 1-1 दिन की सैलरी काटी

**इंदौर।** शहर में साफ-सफाई को और बेहतर व प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने जोन 18,22,10,13 और 15 के विभिन्न इलाकों की स्थिति देखी। सफाई में लापरवाही मिलने और कई जगह कचरा-गंदगी मिलने पर क्षेत्रीय दरोगाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 1-1 दिन की सैलेरी काटने के लिए कहा। सार्वजनिक शौचालयों में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित एजेंसियों पर आर्थिक दंड लगाने के लिए कहा है। बुधवार को वे सबसे पहले झोन 18 में आने वाले तीन इमली बस स्टैंड, तीन इमली ब्रिज और आसपास के इलाकों में पहुंचे। यहां बस स्टैंड के पास बने पब्लिक टॉयलेट में सफाई व्यवस्था खराब मिली, जिस पर उन्होंने संबंधित केयरटेकर को फटकार लगाई और संबंधित एजेंसी पर 10 हजार रुपए की पेनलटी लगाने को कहा। इसके बाद उन्होंने तीन इमली ब्रिज के नीचे और आसपास के इलाकों की स्थिति देखी। उन्होंने यहां पर नियमित एवं समुचित सफाई बनाए रखने को कहा है। दुकानों पर अनिर्वाय रूप से डस्टबिन रखने को बोला। इस दौरान जोनल अधिकारी अतीक खान ने डस्टबिन नहीं रखने वाली दो दुकानों पर 1-1 हजार का स्पॉट फाइन भी लगाया।

### इंदौर में मजदूर की संदिग्ध मौत, घर में मिला शव

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह शराब पीने का आदी था और पेशे से मजदूरी करता था। उसकी आंखें और शव को चूहे कुतर रहे थे। बच्चे खेलने के दौरान गेंद लेने उसके घर पहुंचे, तब घटना की जानकारी लगी। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक घटना नंदन नगर की है। यहां छगन नाम के मजदूर का शव उसके घर में लावारिस हालत में मिला। भांजे गज्जू ने बताया कि बुधवार शाम गली में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी गेंद छगन के घर में चली गई। जब वे अंदर गए तो छगन का शव पड़ा मिला और आसपास चूहे थे। इसके बाद छगन के परिवार के लोगों को सूचना दी गई, लेकिन वे नहीं पहुंचे। बाद में भांजा मौके पर पहुंचा और शव को जिला अस्पताल भिजवाया।

### लॉरेंस का गुर्गा बन बदमाश फोन पर बोला- रुपए दो, नहीं तो बेटे को गोली मार दूंगा

# इंदौर में बिल्डर से हैरी बॉक्सर ने मांगे 5 करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के रईस इलाकों में शुमार रेसकोर्स रोड के एक बड़े बिल्डर को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से धमकी मिली है। खुद को हैरी बॉक्सर बताने वाले शख्स ने बिल्डर से 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। नहीं देने पर आरोपी ने बिल्डर के बेटे की सटीक लोकेशन होने और उसे गोली मारने की बात कही है।

गैंग ने बिल्डर के साथ ही चेतन सिंह पंवार और कुंवर सिंह भूरिया को भी धमकी दी है। लेकिन पुलिस अधिकारियों ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है।

**वॉट्सएप कॉल और वॉइस मैसेज से मचा हड़कंप-** क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, बिल्डर विवेक दम्मानी के ऑफिस के नंबर पर मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे एक वॉट्सएप कॉल आया। कॉल ऑफिस की महिला स्टाफ ने रिसीव किया। फोन करने वाले ने कहा- विवेक दम्मानी को बोल देना 5 करोड़ दे दे, वरना बेटे को कहीं भी गोली मरवा दूंगा। यह भी कहा कि पुलिस के पास जाने से कुछ नहीं होगा और पैसे लेकर ही पीछा छोड़ा जाएगा।






आरोपी ने दावा किया कि उसके पास बिल्डर और उनके बेटे की हर पल की लोकेशन है। पहले स्टाफ ने इसे मजाक समझा, लेकिन जब उसी नंबर से धमकी भरा वॉइस मैसेज आया तो पूरे ऑफिस में हड़कंप मच गया। इसके बाद स्टाफ ने तुरंत बिल्डर को जानकारी दी।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी गुर्गा है हैरी बॉक्सर-** मामले की सूचना क्राइम ब्रांच को दी गई, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई, जिस हैरी बॉक्सर का नाम लिया गया है, उसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी गुर्गा माना जाता है। पुलिस अब उस नंबर और वॉइस मैसेज के आईपी एड्रेस को ट्रैक कर रही है।

### पहले भी मिल चुकी है बिल्डरों को धमकी



- इंदौर में यह पहली बार नहीं है जब किसी बड़े कारोबारी को इस तरह की धमकी मिली हो। करीब एक महीने पहले तुकोगंज के बिल्डर संजय जैन को भी ऐसी ही धमकी मिली थी। उस मामले में पुलिस ने अशोक नगर से मनीष नाम के एक युवक को पकड़ा था, लेकिन मुख्य सरगना तक हाथ नहीं पहुंच पाए थे।
- मध्य प्रदेश में पिछले कुछ समय में लॉरेंस गैंग के नाम से फिरौती मांगने के 5 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। मामले में क्राइम ब्रांच का कहना है कि वे इन कॉल्स की गंभीरता से जांच कर रहे हैं और बिल्डर की सुरक्षा को लेकर सतर्क हैं। आरोपियों को जल्द पकड़ने के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

# इंदौर की तन्वी बायो टॉपर

## कॉमर्स में याशी 6वीं, पीसीएम में अथर्व 7वें और 10वीं में कृष्णा प्रदेश में 9वें स्थान पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश में एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए। सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास में सीएम डॉ. मोहन यादव ने रिजल्ट जारी किया। इस साल प्रदेशभर से करीब 16 लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे।

इंदौर की तन्वी कुमावत 12इँ बायो में इंदौर टॉपर रही। तन्वी को 500से 492 अंक मिले। कॉमर्स विषय में याशी घनरिया को 485 अंक मिले हैं। याशी को प्रदेश में छटा स्थान मिला है।



वहीं पीसीएम विषय में अथर्व देशमुख को प्रदेश में सातवां स्थान मिला है।

कक्षा दसवीं में शासकीय कन्या उमावि की छात्रा कृष्णा खाजेकर को 491 अंक मिले हैं। उसने प्रदेश में 9वां स्थान हासिल किया है।

शासकीय कन्या उमावि राजेंद्र नगर की छात्रा कृष्णा खाजेकर राज्य मेरिट में 9वें स्थान पर रहीं एवम जिला मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इंदौर में 10वीं-12वीं में सरकारी स्कूलों का रिकॉर्ड निजी से बेहतर

इंदौर जिले में सत्र 2025-26 का शासकीय विद्यालय 12वीं का रिजल्ट 74.51% और अशासकीय विद्यालय का 68.56% रहा। इसी प्रकार से हाई स्कूल गवर्नमेंट स्कूल का 73.90 प्रतिशत प्राइवेट का 65.77 ? रहा।

### इंदौर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष का आरोप

# बिना रोड बनाए कर दिया 13 लाख का पेमेंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने एक मामले में महापौर और नगर निगम के अधिकारियों को घेरा है। उनका आरोप है कि एक रोड को बिना बनाए उसका पेमेंट कर दिया और दोबारा नया टेंडर भी लगा दिया है। इस मामले में अब वे नगर निगम कमिश्नर और लोकायुक्त में शिकायत करने वाले हैं। इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष व नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने यादवनंद नगर गली नंबर 2 की रोड को लेकर मोर्चा खोला है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 1 अगस्त 2023 को यादवनंद नगर गली नंबर 2 वार्ड 12 जोन 4 का वर्क ऑर्डर है, जिसमें प्रेम परमार की गली में सीमेंट क्रांकीट करने का 13 लाख 34 हजार से ज्यादा का वर्क ऑर्डर हुआ था। मगर जब हमने मौके पर जाकर देखा तो वहां सीमेंट क्रांकीट का कोई काम नहीं हुआ और अकाउंट सेक्शन से लाखों रुपए से ज्यादा का बिल पास भी हो गया।

### इंदौर विकास प्राधिकरण में जमीन की एनओसी को लेकर एक बड़ा रैकेट चल रहा

# एक महीने में दो बार भेजी नकली एनओसी, अफसरों के हुए फर्जी साइन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर विकास प्राधिकरण में जमीन की एनओसी को लेकर एक बड़ा रैकेट चल रहा है। इसमें प्राधिकरण के ही कर्मचारी के मिले होने की बात सामने आई है। कर्मचारी खुद अधिकारियों के साइन कर एनओसी जारी करते हैं। इसके बाद टीएनसीपी में नक्शा मंजूरी के लिए भेजा जा रहा था।

यह खुलासा टीएनसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) अधिकारियों की जांच से हुआ है। इधर, आईडीए अधिकारियों का शक है कि विधि विभाग का बाबू शुभम श्रीवास्तव इस रैकेट से जुड़ा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि जिस दिन से मामला सामने आया है, उस दिन से ही वह बिना सूचना के ऑफिस नहीं आया है। उसका फोन भी बंद है। घर से भी लापता है।




**एनओसी और प्रारूप में साइन का अंतर-** मामला योजना 97 पार्ट 4 बिजलपुर की जमीन का है। करीब 20 हजार वर्गफुट से ज्यादा यह जमीन आईडीए की योजना में शामिल है। हाल ही में जमीन मालिक की ओर से टीएनसीपी के समक्ष ले-आउट स्वीकृति के लिए आवेदन किया था। दस्तावेज परीक्षण में पता चला कि आईडीए से जारी की गई एनओसी और प्रारूप में साइन का अंतर है। यह एनओसी प्लानिंग और भू-अर्जन दोनों विभागों से जारी हुई थी। टीएनसीपी अधिकारियों को शक हुआ तो उन्होंने आईडीए अधिकारियों को फोन किया। तब पता चला कि यहां से इस तरह की कोई एनओसी जारी नहीं की गई है।

### 1.5 महीने पहले पहली बार भेजी गई फर्जी एनओसी

टीएनसीपी अधिकारी शुभाशीष बनर्जी ने बताया कि हमारे पास उस जमीन का नक्शा मंजूरी के लिए फाइल आई थी। हमने एनओसी मांगी तो उन्होंने एनओसी में बताया कि यह जमीन आईडीए की स्कीम में नहीं है। हमें एनओसी पर कुछ साइन ऐसे लगे कि वह गलत हैं। हमने फोन कर पूछा कि जमीन की एनओसी हमारे पास आई है। इस पर आईडीए अधिकारी ने कहा कि हमारे यहां से जारी नहीं हुई है। यह पता चलने पर हमने उसे कैंसिल कर दिया। 4 से 5 दिन पहले फिर हमारे पास यह फाइल आई, तब हमें दोबारा शक हुआ। हमने आईडीए को एनओसी की फोटो कॉपी भेजकर पूछा कि इसकी पुष्टि करें कि यह आपके यहां से जारी हुई है या नहीं। इस पर आईडीए ने फिर से एनओसी जारी करने से मना कर दिया।

### आईडीए अधिकारी के किए नकली साइन

भू-अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा ने बताया कि नकली साइन कर फर्जी एनओसी बनाने का मामला हमारे सामने आया है। मेरे भी नकली साइन बनाकर फर्जी एनओसी बनाई गई है। मेरे से पहले कंट्री प्लानिंग के अधिकारी के साइन किए गए थे। आईडीए सीईओ परीक्षित झाड़े का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर मामले की जांच करवाई जा रही है। मामला जिस योजना का है, उसके बारे में प्राधिकरण ने पहले विभाग को एनओसी की तस्दीक करने के बाद ही ले-आउट स्वीकृत करने के लिए कहा है। फर्जी एनओसी की शिकायतों को देखते हुए अब पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जा रहा है।

## खबर एक नजर...

### एडीजे भारद्वाज के विदाई समारोह में समाजसेवियों ने किया सम्मान

**उज्जैन।** जिला विधिक सहायता के पूर्व सचिव और एडीजे कपिल भारद्वाज के स्थानांतरण पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर उनका अभिनंदन किया गया। संस्था के संरक्षक सैयद अबीद अली मीर और सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों ने उनकी सेवाओं को याद किया।

समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षाविद सादिक मंसूरी ने कहा कि विधिक सेवा सचिव के रूप में एडीजे भारद्वाज का कार्यकाल सामाजिक कार्यों को प्रगति देने में अग्रणी रहा। उन्होंने अपने पद पर रहते हुए अनेक जटिल विवादों का बेहतरीन तरीके से निराकरण किया और न्याय के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया। विधिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी उनकी हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम के दौरान संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन और समाजसेवी इकबाल उस्मानी ने एडीजे भारद्वाज को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर उनका इस्तकबाल किया। सभी उपस्थितजनों ने उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की जानकारी संस्था के प्रचार सचिव चेतन ठक्कर और प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

### 38वें सेन जयंती महोत्सव में किया प्रतिभाओं का सम्मान

**उज्जैन।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत शिरोमणि श्री सेनजी महाराज का 726वां जन्मदिन उज्जैन सर्वसेन समाज द्वारा सेन जयंती महोत्सव के रूप में भव्यता के साथ मनाया गया। भारती सर्व सेन समाज संगठन अवन्तिका के तत्वाधान में आयोजित 38वें सेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय आयोजन हुआ जिसमें प्रथम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वही दूसरे दिन शिप्रा तट रामघाट स्थित सेन मंदिर पर सेनजी महाराज का श्रृंगार, अभिषेक और पूजन-आरती संपन्न हुई। संध्या 7:30 बजे सेनजी महाराज की महाआरती की गई।

### उज्जैन में हुई बैठक में नई कार्यकारिणी को सौंपी गई सत्र 2026-28 की जिम्मेदारी

# 'जागृति 2026', अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



उज्जैन। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मध्य प्रदेश द्वारा सत्र 2026-28 के लिए नई प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रथम प्रांतीय बैठक ₹जागृति-2026₹ का भव्य आयोजन उज्जैन में किया गया। इस गरिमामय समारोह में प्रदेश भर से 225 महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राठी ने नई कार्यकारिणी को पद और संगठन के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाकर प्रदेश की बागडोर सौंपी।

समारोह में मुख्य रूप से उज्जैन शाखा की सलाहकार संतोष सोडाणी को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण करवाई गई। उनके साथ संगीता भूतड़ा को प्रदेश सचिव और राजकुमारी महेश्वरी को प्रदेश कोषाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। राष्ट्रीय सचिव बबीता बगड़िया सहित अन्य राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में यह शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इसके अलावा कार्यकारिणी में प्रांतीय सह सचिव के रूप में सविता गुप्ता, प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष के रूप में पिंकी जैन और विशेष सहयोग के लिए तृप्ती परवाल को मनोनीत किया गया।

शाखा अध्यक्ष शीतल मुदड़ा, कोषाध्यक्ष कुसुम भूतड़ा, रेखा पारस, सीमा भानुप्रिया, आशा भूतड़ा, ज्योति बेवाल, अनुराधा अगाल, विष्णु भूतड़ा, पुष्पा भाललिका, लाज भूतड़ा, आरती राठी, सुरेखा भंडारी और शोभा अग्रवाल ने नई प्रांतीय कार्यकारिणी का दुपट्टे व माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

शाखा सचिव आरती सोढ़ानी ने बताया कि समारोह की शुरूआत में राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में एकता झंवर और आयुषी देवपुरा ने मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात नौ देवियों की शक्ति पर आधारित भावपूर्ण नृत्य नाटिका और लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसमें सीमा पलोड, जूही महेश्वरी, हिमांशी भूतड़ा, आयुषी जैन, श्रद्धा सचेन, याचना तिवारी, निर्मला झंवर, वर्षा राठी, एकता आगाल और रीता बसेर ने भाग लेकर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर सामाजिक सरोकार निभाते हुए संगठन की ओर से बाल विकास प्रकल्प के तहत स्कूली बच्चों को मेडिकल किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में राधा चौहान, उषा झालानी, प्रिया घरीया, रानी गुप्ता, सुमन पलोड, उषा पवार, अनीता चांडक, उषा झंवर, नीना जैन, विधि राठी, सुनीता पलोड, संगीता खंडेलवाल, सुदेश जैन, इंदिरा रावत और किरण खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित थीं।

## भीषण गर्मी में दोपहर की बजाय सुबह की पाली में संचालित हो स्कूल

### मप्र कर्मचारी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और कलेक्टर को लिखा पत्र

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही भीषण गर्मी ने विद्यार्थियों और पालकों की परेशानी बढ़ा दी है। तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंचने के कारण दोपहर की पाली में संचालित हो रहे स्कूलों का समय बदलकर सुबह करने की मांग उठने लगी है। इस संबंध में मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर निर्झर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को पत्र लिखा है।

डॉ. ठाकुर ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2026 से शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में कई स्कूल सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक संचालित हो रहे हैं। इस झुलसा देने वाली गर्मी में दोपहर के समय स्कूलों के संचालन से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है।

भीषण गर्मी और धूप को देखते हुए पालकगण भी स्कूल के इस समय से असहमत हैं। शिक्षक-पालक संघ द्वारा भी लगातार स्कूलों में संपर्क कर समय में बदलाव करने और विद्यालय प्रातःकालीन पाली में संचालित करने की मांग की जा रही है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के हित में स्कूल के समय में परिवर्तन की नितांत आवश्यकता है ताकि उन्हें गर्मी के प्रकोप से बचाया जा सके।

## वेतन न मिलने से आक्रोशित मनरेगा अधिकारी, उपयंत्री आज से 2 दिनों तक रहेंगे सामूहिक अवकाश पर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिला और जनपद पंचायतों में कार्यरत संविदा अधिकारी, कर्मचारी और उपयंत्रियों ने लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण मोर्चा खोल दिया है। अपनी मांगों को लेकर जिले के समस्त मनरेगा तकनीकी अमले और कर्मचारियों ने 16 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक दो दिवसीय सामूहिक अवकाश पर जाने का ज्ञापन सौंपा है।

मनरेगा अभियंता संघ मध्यप्रदेश की ओर से जिला पंचायत उज्जैन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के अनुसार जनपद पंचायतों में मनरेगा योजना के अंतर्गत पदस्थ उपयंत्रियों को विगत 8 माह से मासिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ है। वेतन न मिलने के कारण सभी उपयंत्रियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार के दैनिक जीवन यापन, बच्चों की स्कूल फीस और स्वास्थ्य उपचार जैसे आवश्यक व्ययों की पूर्ति करने में उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक अस्थिरता के कारण मानसिक तनाव भी निर्मित हो रहा है जिससे कार्य क्षमता प्रभावित हो रही है।

उपयंत्रियों ने बताया कि वेतन न मिलने के बावजूद उन्होंने जलगंगा संवर्धन योजना में जिले को प्रदेश में उच्चतम स्थानों पर रखने के लिए निरंतर प्रयास किए और एक बगिया माँ के नाम जैसी शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना में भी सतत कार्य किया है। ज्ञापन सौंपने वाले जिले के क्षेत्रीय समन्वयक और प्रमुख उपयंत्रियों में इंजी. गजेन्द्र कुमार कठाने, इंजी. शेख सिद्दीक कुरैशी, इंजी. सुमित प्रताप सिंह, इंजी. अनिल पांडे, इंजी. विनय जायसवाल, इंजी. कुंदन मुकाती और इंजी. आर.डी. किरार शामिल हैं। प्रांतीय स्तर पर इस संघ का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष इंजी. सतीश समेले, उपाध्यक्ष इंजी. राघवेन्द्र शर्मा और सचिव इंजी. अनुराग राजपुत कर रहे हैं।

### अधिकारी-कर्मचारी संघ का चार माह का वेतन बकाया, दी आंदोलन की चेतावनी

इसी क्रम में रोजगार गारंटी अधिकारी एवं कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश ने भी मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के नाम जिला पंचायत कार्यालय में ज्ञापन प्रस्तुत किया है। संघ के अनुसार मनरेगा के तहत कार्यरत संविदा अधिकारी और कर्मचारियों का माह दिसम्बर 2025 तथा जनवरी, फरवरी और मार्च 2026 का वेतन पूर्णतः लंबित है। वर्तमान में पांचवा माह अप्रैल भी बिना वेतन के कार्य करते हुए बीत रहा है। संघ ने 15 अप्रैल 2026 को दिए गए इस ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि वेतन भुगतान में हो रहे विलंब के कारण कर्मचारियों को पारिवारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पूर्व 20 फरवरी 2026 को भी संघ द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसका आज दिनांक तक कोई उचित निराकरण नहीं किया गया है।

## छात्र-छात्राओं का बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट ने बुधवार को शासकीय मॉडल स्कूल महिदपुर का निरीक्षण कर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर हर्ष व्यक्त कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय भ्रमण के दौरान शाला की कृषि एवं स्वास्थ्य केयर प्रयोगशाला का शुभारंभ किया।

शासकीय मॉडल स्कूल महिदपुर के भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कक्षा 12वीं में प्रवेश किए छात्रों से संवाद कर उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी अभी से शुरू करने और पढ़ाई नियमित रूप से करने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय भ्रमण के दौरान बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्र- छात्राओं को सम्मानित भी किया। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025-26 के लिये घोषित कक्षा 10वीं का परीक्षा परि?णाम विद्यालय का शत प्रतिशत रहा है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में सम्मिलित समस्त 82 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए जिसमें से 71 प्रथम श्रेणी तथा 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। इसी प्रकार विद्यालय में 10 वीं में प्रथम स्थान सुश्री नव्या ने 93.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सुश्री प्रतिष्ठा ने 93.4 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान सुश्री निदा रंगरेज ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये । इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 78 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जिसमें प्रथम स्थान सुश्री सुमन जोशी ने 89.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान श्री प्रद्युम्न यादव ने 87.2 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से श्री कमल सूर्यवंशी और श्री मुजीबुर्रेहमान ने 85.8 प्रतिशत प्राप्त किए।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में विशिष्ट प्रदर्शन करने पर स्कूल के प्राचार्य श्री रामेश्वर सोनी, वरिष्ठ शिक्षकगण श्री प्रेमचंद्र परमार,श्री दिलीप अटोलिया,श्री श्रावण परमार, श्रीमती साधना ठोमोर,श्री आनंद पंचोली,श्रीमती नीलम पाण्ड्या, श्रीमती गायत्री यादव,श्री लक्ष्मी मालवीय,श्री गोकुल घुंघरवाल,श्री राजेश परमार, श्रीमती नगमा बी,श्री अकिला सोनी,श्री अभिलाषा जोशी,श्रीमती आशी सूर्यवंशी,श्रीमती शालू पाठक,श्री सुदर्शन शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं देकर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबर एक नजर...

### डीपीसी के अभद्र व्यवहार और शिक्षकों की समस्याओं पर दी आंदोलन की चेतावनी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला उज्जैन ने शिक्षा विभाग की विभिन्न समस्याओं और डीपीसी की कार्यप्रणाली के विरोध में एक व्यापक ज्ञापन सौंपा है। संघ ने प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी एवं जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री कार्यालय, जिला कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और जिला शिक्षा अधिकारी के नाम यह ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में मुख्य रूप से डीपीसी अशोक त्रिपाठी द्वारा शिक्षकों के साथ किए जाने वाले अभद्र व्यवहार और उन पर अनुचित दबाव बनाने की गंभीर शिकायत की गई है। इसके साथ ही संघ ने घटिया विकासखंड के शिक्षकों को वर्षों से क्रमोन्नत वेतनमान न दिए जाने और एरियर की राशि का समय पर भुगतान न होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि घटिया विकासखंड में असंगत तरीके से किए गए संकुल परिवर्तन को तुरंत युक्तिसंगत बनाया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

जिला प्रवक्ता राकेश पाठक ने बताया कि ज्ञापन सौंपने के दौरान संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पंड्या, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर, चंद्र प्रकाश फटाले, राजीव सिंह सेंगर, उदयभान सिंह यादव, राजाराम कच्छावा, शिक्षा विभाग समिति के संयोजक सीपी जोशी, अखिलेश पाठक, बालमुकुंद बैरागी और राजेश चौहान सहित शिक्षा विभाग के कई शिक्षक उपस्थित थे।

### अर्जी वाले हनुमान मंदिर में 108 सामूहिक जोड़ों ने किया सुंदरकांड पाठ

**उज्जैन।** बड़नगर रोड स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें 108 सामूहिक जोड़ों ने एक साथ बैठकर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया।

पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी जी महाराज के सानिध्य में अर्जी वाले हनुमान जी की असीम कृपा से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुंदरकांड पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। इस धार्मिक अवसर पर भजनों की प्रस्तुति भी दी गई जिस पर उपस्थित भक्तगण भक्ति भाव में डूबकर झूम उठे। यह धार्मिक आयोजन ऋषिका आयुष अग्रावत द्वारा अपने पिताश्री मदन मोहन अग्रावत के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस दौरान मंदिर समिति की अध्यक्ष महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी, सावित्री महंत, दारा सिंह, शिवानी पाटीदार, पूजा यादव, सीमा जाट, योगेश जोशी, प्राणेश शुक्ला, टीना झाला, पंकज जायसवाल, रोहित पंडित, नीलेश पांचाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

# प्रत्येक समिति पर चार तौल कांटों की अनिवार्यता सुनिश्चित करें-कलेक्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट के साथ बुधवार को जिले के गेहूंउपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग ,छांव, पेयजल, मेडिकल सुविधा ,उपार्जन प्रक्रिया आदि व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने किसानों की सुविधा के दृष्टिगत उपार्जन कार्य तेजी से करने के लिए उपार्जन सुबह ०८ बजे से शुरू करने और प्रत्येक समिति को कम से कम चार तौल कांटों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सबसे पहले ग्राम मानपुरा स्थित उपार्जन केंद्र अडानी एग्रो स्टील सायलो का निरीक्षण किया। इसके पश्चात देवास रोड़ स्थित कल्याण एक्सप्रेस वेयरहाउस केंद्रों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केंद्र अडानी एग्रो स्टील सायलो केंद्र ग्राम मानपुरा पर गेहूं के परीक्षण की प्रक्रिया देखी। कलेक्टर श्री सिंह ने यहां पर गेहूं में नमी की टेस्टिंग करने वाली मशीन पर सम्बंधित कृषक की फसल का परीक्षण करवाकर गेहूं के नमूने को देखा ।जिले में स्लॉट बुकिंग कर उपार्जन सुव्यस्थित रूप से किया जा रहा हैजिले में उपार्जन केंद्रों पर गेहूं उपार्जन स्लॉट बुकिंग कर सुव्यस्थित रूप से किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान ग्राम निनोरा के कृषक श्री तंवर से चर्चा कर उपार्जन की प्रक्रिया की जानकारी ली।

कृषक ने जानकारी दी कि स्लॉट बुकिंग कर उपार्जन केंद्र पहुंचने पर सुगमता से गेहूं उपार्जन हो रहा है ।स्लॉट बुकिंग कर निर्धारित समय पर उपार्जन केंद्र पहुंचने पर लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ रहा है ।उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट नंबर दिखाने के बाद कृषकों के गेहूं का लेबोरेट्री में मानकों के परीक्षण उपरांत वजन किया जा रहा है , इसके पश्चात गेहूं को स्टोर किया जाकर कृषकों के भुगतान की प्रक्रिया की जा रही है।

पार्किंग सुव्यवस्थित तरीके से करवाएकलेक्टर श्री सिंह ने देवास रोड़ स्थित कल्याण एक्सप्रेस वेयरहाउस स्थित उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। कल्याण एक्सप्रेस वेयरहाउस देवास रोड़ पर नरवर और नौगांवा समितियों द्वारा उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केंद्र पर तौल कांटों की संख्या की जानकारी लेकर तौल कांटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

### जनभागीदारी से राघवी की बावड़ी का हुआ पुनरोद्धार

**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद महिदपुर की ग्राम पंचायत राघवी में स्थित निजी बावड़ी का जीर्णोद्धार सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ग्राम रामसरा निवासी बालू सिंह पुत्र अमर सिंह की समझाइश के बाद ग्राम पंचायत के पूर्ण सहयोग से बावड़ी की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई तथा गाद निकासी (डिसिल्टिंग) का कार्य किया गया। इस कार्य के उपरांत बावड़ी की जल भंडारण क्षमता बढ़कर लगभग 9500 घन मीटर हो गई है। यह जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो जल संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ है। इससे पशुओं के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्धता, कृषि सिंचाई में सीधा लाभ, आसपास के कुओं के जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि, नहर एवं वर्षा जल का बेहतर संचयन, कृषि उत्पादन एवं फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस पुनर्जीवित बावड़ी से आसपास के लगभग ४० किसानों को सिंचाई के लिए समय पर पर्याप्त पानी मिल पाएगा। इससे उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ फसल उत्पादन भी बढ़ेगा।

### नगर निगम का विशेष सम्मिलन कल, नारी शक्ति वंदन पर होगी चर्चा

**उज्जैन।** उज्जैन नगर पालिक निगम का विशेष सम्मिलन कल दिनांक 17 अप्रैल 2026, शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे से छत्रपति शिवाजी भवन स्थित निगम सभागृह में आयोजित किया जाएगा। सम्मिलन की अध्यक्षता निगम अध्यक्ष कलावती यादव करेंगी। बैठक की शुरूआत डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी। इसके पश्चात ‌‌ह्लनारी शक्ति वंदनह्व विषय पर विस्तृत चर्चा होगी।

**तराना तहसील के झुमकी गांव के 12 वर्षीय बालक ने जीती कैंसर से जंग**

# उज्जैन जिले का पहला सफल 'बोन मैरो ट्रांसप्लांट'

### डॉ. चितलकर और डॉ. प्रियेश दुबे की टीम ने 20 दिन की जटिल प्रक्रिया कर दिया नया जीवनदान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले के चिकित्सा इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। यहाँ के आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में पहली बार सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया है। मेडिकल ऑन्कोलॉजी और हेमेटो-ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने तराना तहसील के ग्राम झुमकी निवासी 12 वर्षीय कैंसर पीड़ित बालक का सफल प्रत्यारोपण कर उसे नया जीवनदान दिया है। यह जिले का पहला बोन मैरो ट्रांसप्लांट है।



जानकारी के अनुसार, बालक वर्ष 2022 से एनाप्लास्टिक लार्ज सेल लिम्फोमा नामक गंभीर कैंसर से ग्रसित था। इस बीमारी से निजात पाने के लिए बालक को पूर्व में दो बार कीमोथेरेपी दी जा चुकी थी। दूसरी कीमोथेरेपी के बाद जब बीमारी नियंत्रण में आई, तो विशेषज्ञों ने इसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए सबसे उपयुक्त समय माना।

परिजनों की सहमति मिलने के बाद, डॉ. चितलकर और डॉ. प्रियेश दुबे के नेतृत्व वाली मेडिकल टीम ने इस जटिल प्रक्रिया को अंजाम दिया। डॉक्टरों ने सबसे पहले बालक को हाई-डोज कीमोथेरेपी दी। इसके पश्चात, मरीज के ही स्टेम सेल जिन्हें अस्पताल द्वारा पहले ही निकालकर सुरक्षित कर लिया गया था, उन्हें वापस प्रत्यारोपित किया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि इस पूरी मेडिकल प्रक्रिया में 20 दिन का समय लगा। चूँकि इस दौरान मरीज में संक्रमण का खतरा अत्यधिक होता है, इसलिए उसे पूरे समय एक विशेष कीटाणु-रहित कमरे में कड़ी निगरानी में रखा गया था।

सफल ट्रांसप्लांट के बाद बालक को पूरी तरह से स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के प्रबंधन और स्टाफ के लिए यह एक अत्यंत उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिससे भविष्य में अंचल के अन्य कैंसर मरीजों के लिए भी उम्मीद की नई किरण जगी है।

### रोमांचक मुकाबले में महाराष्ट्र बुट्टीबोरी की जीत, कैच लपकने वाले चार दर्शकों ने जीते नकद इनाम

**उज्जैन।** क्षीरसागर मैदान पर आयोजित स्व. भुरेलाल फिरोजिया स्मृति अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। महाराष्ट्र बुट्टीबोरी नागपुर, गुजरात और मध्य प्रदेश की टीमों के बीच हुए इन मुकाबलों में महाराष्ट्र बुट्टीबोरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। मैच के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सांसद प्रतिनिधि कपिल कटारिया और चरणजीत सिंह सनी द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। दर्शकों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। बाउंड्री के बाहर गेंद का कैच लपकने वाले चार दर्शकों को सांसद की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप नकद पुरस्कार दिया गया।

# मॉस्को में गूंजी उज्जैन के अरुण कुशवाह के तबले की थाप

### 'इंडिया द फैब्रिक ऑफ टाइम' एग्जिबिशन के समापन पर सितार के साथ प्रस्तुत किया 'नाद-संवाद'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रूस की राजधानी मॉस्को स्थित त्सारित्सिनो पैलेस के ऐतिहासिक ग्रैंड रॉयल कैथरीन हॉल में उज्जैन के प्रतिष्ठित तबला वादक अरुण कुशवाह ने अपनी शानदार प्रस्तुति से शहर का मान बढ़ाया है। उन्होंने सितार वादक तरुण धामी के साथ 'नाद-संवाद' की मनमोहक प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू कल्चरल सेंटर, भारतीय दूतावास और त्सारित्सिनो म्यूजियम-रिजर्व के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'इंडिया द फैब्रिक ऑफ टाइम' एग्जिबिशन के समापन समारोह के अवसर पर हुआ।

कार्यक्रम स्थल त्सारित्सिनो पैलेस रूस की एक प्रमुख पुरातत्व और सांस्कृतिक धरोहर है। इसकी स्थापना वर्ष 1755 में महारानी कैथरीन द्वारा की गई थी। इस भव्य समारोह में अनेक



वीआईपी डेलीगेट्स और राजनयिक श्रोता के रूप में मौजूद थे, जिन्होंने अरुण कुशवाह के वादन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनका विशेष उत्साहवर्धन किया।

अरुण कुशवाह वर्तमान में आईसीसीआर के जवाहरलाल नेहरू कल्चरल सेंटर और मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में तबला शिक्षक एवं कलाकार के रूप में कार्यरत हैं। वे सितंबर 2025 से वहां विदेशी छात्र-छात्राओं को तबला वादन का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। भारतीय सांस्कृतिक दूत के रूप में अरुण निरंतर प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर देश और उज्जैन का परचम लहरा रहे हैं।

# जल मंदिर का शुभारंभ, अग्रसेन भवन के कायाकल्प के लिए मिला दान

### समाजसेवी बजरंगलाल हरभजनका ने हाल के नवीनीकरण हेतु दिए 5 लाख, अध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल ने कुएं के लिए भेंट किए 51 हजार रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन अग्रवाल विकास समिति द्वारा कॉसमॉस मॉल के सामने आम नागरिकों की सुविधार्थ शीतल जल की प्याऊ (जल मंदिर) का शुभारंभ किया गया।

संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल एवं अजीत मंगलम ने बताया कि जल मंदिर का लोकार्पण पंचायत अध्यक्ष निमेष अग्रवाल और उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्याम बंसल के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस क्षेत्र में मंगलवार को बाजार लगने तथा चौपाटी होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, जिसे देखते हुए यहां शीतल जल की नितांत आवश्यकता थी।

इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, श्याम बंसल, बजरंगलाल हरभजनका, शैलेन्द्र मित्तल, निमेष अग्रवाल, ओमप्रकाश गर्ग, वीरेंद्र कुमार गोयल और अभय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। समिति की कार्यकारिणी बैठक में महाराजा अग्रसेन भवन के विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इस दौरान समिति के सदस्य एवं समाजसेवी बजरंग लाल हरभजनका ने भूतल स्थित हाल में पीओपी कार्य करवाने और उसे वातानुकूलित बनाने के लिए अध्यक्ष को 5 लाख रुपये का चेक भेंट किया। उन्होंने अब तक हुए विकास कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की। इसी बैठक में संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल ने भवन में पानी की सुविधा के लिए खुदवाए गए कुएं की लागत 50 हजार रुपये में अपनी ओर से एक हजार मिलाकर कुल 51 हजार रुपये समिति को दान देने की घोषणा की।

## खबर एक नजर...

### वर्षा अग्रवाल के संतूर वादन से रूबरू होंगे स्कूली छात्र

मंदसौर। भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की विरासत को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने वाली संस्था स्पिक-मैके द्वारा मंदसौर और नीमच के विद्यालयों में दो दिवसीय संतूर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिला समन्वयक चंदा डांगी ने बताया कि श्रृंखला की पहली कार्यशाला आज 16 अप्रैल को वात्सल्य पब्लिक स्कूल में आयोजित होगी। इसमें प्रख्यात संतूर वादिका वर्षा अग्रवाल अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी, जबकि तबले पर पं. ललित महंत उनका साथ देंगे। इस कार्यशाला में संगीत के साथ-साथ बच्चों के लिए विशेष मेडिटेशन सत्र भी रखा गया है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में १७ अप्रैल को करनी इंटरनेशनल स्कूल मंदसौर और स्प्रिंग वुड स्कूल नीमच में भी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुखजन गोष्ठी 20 को

नीमच। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित किये जा रहे बड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला में नीमच में प्रमुखजन गोष्ठी एवं मातृ शक्ति गोष्ठी का आयोजन 20 अप्रैल को होने जा रहा है। इस अवसर पर आरएसएस के पूर्व अखिल भारतीय सरकार्यवाह श्री भैया जी जोशी मार्गदर्शन देंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला संघ चालक अनिल जैन ने बताया कि शताब्दी वर्ष में संघ ने समाज की सृजन शक्ति को साथ लेकर विश्व पटल पर आदर्श प्रस्तुत करने वाला सशक्त, समर्थ, संगठित, समृद्ध भारत निर्माण करने का संकल्प लिया है। इस उद्देश्य के निमित्त समाज के प्रतिष्ठित, प्रभावशाली महानुभावों से संवाद करने के लिए नीमच में प्रमुखजन गोष्ठी और मातृ शक्ति गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

### कोटा रेलवे स्टेशन पर ब्लॉक के कारण इंदौर कोटा एक्सप्रेस प्रभावित

रतलाम। पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल के कोटा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 01 पर निर्माण कार्य हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से आरंभ होने वाली इंदौर कोटा एक्सप्रेस तत्काल प्रभाव से प्रभावित होगी । पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार तत्काल प्रभाव से 04 मई 2026तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22984 इंदौर - कोटा एक्सप्रेस, सोगरिया रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा सोगरिया से कोटा के मध्य निरस्त रहेगी।

### श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

**रतलाम।** श्री नित्यानंद गौशाला आश्रम, अमलेटा फंटा पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समर्थ महाप्रभु 1008 अवधूत श्री नित्यानंद बापजी एवं समर्थ अवधूत 1008 श्री राजानंद जी बापजी के अवधूत श्री विश्वानंद जी बापजी के पावन सानिध्य में सम्पन्न होगा।

# ढाबा रोड पर चौड़ीकरण कार्य बना मुसीबत

## टूटी पाइपलाइन, कीचड़, गंदगी और जर्जर इमारतों से बड़ा हादसा होने का खतरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ढाबा रोड पर श्रीनाथ जी मंदिर की ओर सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, लेकिन यह विकास कार्य क्षेत्रवासियों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गया है। यहां सड़कों और नालियों की खुदाई के चलते हालात बेहद खराब हो चुके हैं। कई जगहों पर पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है और लोगों को उसी गंदगी और कीचड़ के बीच से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

गंदगी और जलभराव के कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल है। वहीं चौड़ीकरण का कार्य भी बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिससे क्षेत्रवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। चौड़ीकरण के दौरान कई मकानों को तोड़ा गया है, जिससे आसपास के घरों की नींव भी कमजोर हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी मंदिर के पास एक मस्जिद की दीवार भी अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है और कभी भी गिर सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत निरीक्षण कराकर आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि किसी बड़ी जनहानि से बचा जा सके।

बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। ढाबा रोड पर कुछ जर्जर इमारतें कभी भी गिर सकती है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।







### क्षेत्रवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर

चौड़ीकरण के कार्य में बरती जा रही लापरवाही के चलते आम जनता का जीवन दूभर हो गया है। मुख्य मार्गों पर निर्माण सामग्री के ढेर लगे हुए हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। महिलाएं और बुजुर्ग आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं क्षेत्रवासियों का आरोप है कि मकानों के नल तोड़ दिए गए हैं, जिससे घरों में गटर का पानी पहुंच रहा है और लोग मजबूरी में वही दूषित पानी पीने को विवश हैं। हाल ही में इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों की घटना को देखते हुए लोगों में डर और बढ़ गया है।

# 22 टन प्रतिबंधित पॉलीथिन की नष्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम द्वारा जप्ती में पकड़ी गई प्रतिबंधित पॉलीथिन, डिस्पोजल ग्लास, दोने एवं चम्मच को एमआर-5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर रोड रोलर चलाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। इस दौरान ग्राइंडर मशीन की मदद से सामग्री को क्रश भी किया गया।

जानकारी के अनुसार लगभग 22 टन से अधिक प्रतिबंधित पॉलीथिन को नष्ट किया गया। यह सामग्री शहरभर में चलाए जा रहे अभियान के दौरान जप्त की गई थी, जिसे नगर निगम मुख्यालय, ग्रांड होटल एवं मक्सी रोड स्थित डिपो में संग्रहित किया गया था।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। संग्रहित पॉलीथिन को नष्ट करने के साथ ही इसके विक्रय के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें संबंधित निविदादाता द्वारा 23 रुपए प्रति किलो की दर से क्रश पॉलीथिन खरीदने का प्रस्ताव दिया गया। टेंडर स्वीकृत होने के बाद निगम ने रोड रोलर, जेसीबी और डंपर की मदद से पूरी सामग्री को नष्ट कर ग्राइंडर मशीन से क्रश किया और बाद में निविदादाता को सौंप दिया। इस क्रश पॉलीथिन का उपयोग अब दाने एवं डस्टबिन बनाने में किया जाएगा।

इस प्रक्रिया से नगर निगम को 5 लाख रुपए से अधिक की आय प्राप्त हुई, जबकि इस प्रतिबंधित सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 40 लाख रुपए आंका गया है। निगम ने व्यापारियों, दुकानदारों और शहरवासियों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करें। और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें।

# पीड़ित मानवता की सेवा व जीवदया से बढ़कर पुण्य का दूसरा कार्य नहीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जैन सोश्यल ग्रुप मंदसौर मेन के पदग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए फेडरेशन अध्यक्ष मनीष कोठारी ने कहा कि सेवा शब्द व्यापक है। पीड़ित मानवता की सेवा व जीवदया से बढ़कर पुण्य का दूसरा कार्य नहीं है। कार्यक्रम में ग्रुप के अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर सहित नवीन कार्यकारिणी को शपथ रीजन अध्यक्ष राहुल चपड़ोद ने दिलाई।

मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं लायंस प्रांतपाल दीपक सुराणा बड़ौदा ने कहा कि सेवा जीवन का मूलाधार है। समर्पित भाव से की गई सेवा जीवन को चरमोत्कर्ष पर पहुंचाती है। जीवदया का भाव हर नागरिक में होना चाहिये। विशिष्ठ अतिथि संसद सदस्य सुधीर गुप्ता ने कहा कि जैन सोश्यल ग्रुप मंदसौर की आदर्श समाजसेवी संस्था है। इसने सेवा क्षेत्र में मिसाल कायम की है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि भौतिकवाद ने मानवीय मूल्यों का पतन किया है। विधायक विपिन जैन कहा कि जेएसजी जैसी समाजसेवी संस्थाएं मंदसौर शहर में श्रेष्ठता हांसिल किए हुए है। जैएसजी म.प्र. रीजन अध्यक्ष राहुल चपडौद ने कहा कि मानसून सत्र में जेएसजी 50 हजार पौधों का रोपण करेगा। फेडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष एम.एल. मेहता ने कहा कि समाज कल्याण के लिये प्रतिबद्ध संस्था है। अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर हेमन्त जैन, डायरेक्टर अनिल धारीवाल, रीजन सहसचिव संजय कोठारी ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में प्रज्ञा दोशी, सुरभि भण्डारी, नुपूर पाटनी तथा अंशिता नाहर ने नृत्य की प्रस्तुति दी। बेबी रिद्धि व वृद्धि पाटनी ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण अध्यक्ष कमल कच्छावा ने दिया। अतिथि स्वागत ग्रुप पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्षगण व संचालक मण्डल ने किया। संचालन संयोजक संजय लोढ़ा ने किया व आभार सचिव गौरव सुराणा ने माना।

### शिविर में 120 नागरिकों का हुआ एक्सरे

मंदसौर। कलेक्टर अदिति गर्ग के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत कृषि उपज मंडी में विशाल स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन मंडी सचिव लक्ष्मण सिंह ठाकुर एवं किसान मोर्चा महामंत्री लोकेंद्र सिंह चुंडावत आदि द्वारा किया गया। इस दौरान टीबी (क्षय रोग) की पहचान के लिए विशेष कैंप लगाया गया, जिसमें लगभग 120 लोगों के एक्सरे किए गए।

# एमपी बोर्ड का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

## छात्राओं का दबदबा, प्रदेश मेरिट में बनाई जगह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



एमपी बोर्ड का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम बुधवार सुबह सीएम डॉ. मोहन यादव ने घोषित किया। परिणामों में कक्षा 12वीं में जिले के तीन प्राइवेट और एक सरकारी स्कूल की छात्राओं ने प्रदेश के मेरिट में अलग-अलग स्थाना पाया। कक्षा 10वीं के रिजल्ट में सरकारी स्कूल की एक छात्रा व एक छात्र ने प्रदेश की मेरिट में 9वें नंबर पर आए।

इस साल कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 76.74 रहा। जबकि पिछले साल 78.84 प्रतिशत था। पिछले साल की अपेक्षा परिणाम 2.1 प्रतिशत कम रहा। वहीं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 81.14 प्रतिशत रहा। पिछले साल 79.62 प्रतिशत था। रिजल्ट में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

प्राइवेट स्कूल की अपेक्षा सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। हालांकि दोनों कक्षाओं में सरकारी स्कूल के केवल तीन ही विद्यार्थी प्रदेश की मेरिट मे पहुंच पाए। कक्षा 10वीं के सरकारी स्कूल का परीक्षा परिणाम 80.77 रहा। जबकि प्राइवेट स्कूल का 71.93 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 12वीं के भी परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूल आगे रहे।

सरकारी स्कूल प्रतिशत 83.83 रहा। जबकि प्राइवेट स्कूल का प्रतिशत 77.81 रहा। प्रदेश की मेरिट में कक्षा 12वीं के चार छात्राएं कक्षा 12वीं की रिजल्ट में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में रतलाम शहर के तीन प्राइवेट स्कूलों व एक सरकारी स्कूल की छात्रा ने अपना स्थान पाया है।

- सेंट स्टीफन उमावि रतलाम की सृष्टि सिलावट पिता अश्विनी सिलावट ने वाणिज्य समूह में 488 अंक हासिल कर 97.6 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट में तीसरा स्थान पाया है।

जैथ पब्लिक स्कूल रतलाम की मनस्वी गोयल पिता विशाल गोयल ने गणित समूह ने 488 अंक प्राप्त कर 97.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पाते हुए प्रदेश की मेरिट में पांचवा स्थान मिला है।

कालूखेड़ा के शासकीय उमावि की नीलोफर शेख पिता इलियाज शेख ने गणित समूह में 483 अंक हासिल कर 96.6 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट में 10वा स्थान पाया है।

- सांई श्री एकेडमी उमावि रतलाम की अक्षिता पिता आनंद पालीवाल ने वाणिज्य समूह में 481 अंक प्राप्त 96.2 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट में दसवां स्थान हासिल किया है।

**यह है कक्षा 10वीं के दो मेरिट टॉपर**

कक्षा 10वीं के रिजल्ट में रतलाम जिले के सरकारी स्कूल के एक छात्रा व एक छात्र ने प्रदेश के मेरिट में स्थाना पाया है। शासकीय उमावि रियावन की छात्रा सरस्वती पिता घनश्याम व शासकीय उमावि धामनोद के आयुष पाटीदार पिता मुकेश पाटीदार ने 491 अंक प्राप्त कर 98.2 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश की मेरिट में 9वां स्थान पाया है।

## सबका साथ, सबका प्रयास, सबका सहयोग' से ही सफल होगा सर्वाइकल टीकाकरण अभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नई दिल्ली द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान पूरे देश में निःशुल्क संचालित हो रहा है। इसी क्रम में म.प्र. स्वास्थ्य मिशन के परिपत्र अनुसार जिले के कलेक्टर हर्ष सिंह के निदेशांनुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में बुरहानपुर जिले में अभियान चलाया जा रहा है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वाई बी शास्त्री व जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन के सहयोग व स्वास्थ्य विभाग की सम्पूर्ण टीम के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाने के लिए चरणबद्ध योजना तैयार की गई है।

पहले चरण में स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में उन किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है जिन्होंने १४ वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और १५ वर्ष के बीच की हैं। इस



अभियान के अंतर्गत आज जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, बुरहानपुर शहरी सुपरवाइजर अशफाक अंसारी, स्वास्थ्य विभाग बुरहानपुर के डीपीएम सुशांत रिबेनकर के साथ स्वास्थ्य विभाग की सिस्टर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं काउंसलर रुपेश महाजन, जितेश गावंडे ने शासकीय उर्दू कन्या उ.मा. विद्यालय हरीरपूरा एवं शासकीय खैराती बाजार उर्दू उ.मा. विद्यालय बुरहानपुर में जाकर जागरूकता अभियान चलाया।

जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि इस अभियान की सफलता तभी संभव है जब सबका साथ, सबका प्रयास और सबका सहयोग मिलेगा। इस देश की हर कौम की 14 से 15 वर्ष के बीच की किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण अभियान में आकर टीका लगवा लेना ही इस अभियान की सफलता है। तभी इस देश की युवा पीढ़ी इस उन्नतशील देश में सहभागी बनकर विकास में सहायक सिद्ध होगी।

## पुलिस की मुस्तैदी से युवक की पहचान कर ली गई, मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमिया महाविद्यालय के पीछे, नर्मदा तट स्थित आश्रम के समीप मंगलवार दोपहर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे नर्मदा पर स्नान करने वालो ने नदी में एक युवक का शव तैरते हुए देखा था, जिसकी सूचना तत्काल मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस टीम मौके पर रवाना किया और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद शव को रात्रि के शासकीय अस्पताल मंडलेश्वर में रखा गया सुबह बुधवार को पुलिस थाने के सहायक उप निरीक्षक रमेश वास्कले में जानकारी दी कि मृतक का नाम मुकेश पिता बाबूलाल हतागले उम्र 42 वर्ष निवासी कुंडिया का रहने वाला है वास्कले ने बताया कि मृतक मंडलेश्वर के नर्मदा तट मुक्तिधाम घाट पर उनके गांव के किसी परिजन का अंतिम संस्कार करने आया था आशंका जताई जा रही है कि युवक की मृत्यु पानी में डूबने के कारण हुई है। मृतक का फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पुलिस ने डाला था इसके बाद परिजनों को पता लगा सुबह मृतक का भतीजा और परिजनों ने शव की पहचान की इसके बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया और उसका अंतिम संस्कार मंडलेश्वर मुक्तिधाम पर किया गया।



### बाबा साहब अंबेडकर की 135 वीं जन्मजयंती पर भव्य रैली

मंडलेश्वर। भारतीय संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 135 वी जयंती पर ग्राम छोटी खरगोन में भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली में छोटे छोटे बच्चों को बाबा साहब की वेशभूषा में तैयार कर बग्गी पर बिठाया गया साथ ही डीजे की धुंध पर लोग नाचते हुए नजर आए । मोटरसाइकल रैली में लोगों ने जय भीम के झंडे लगाकर रैली को नीलामय बना दिया । गांव की हर एक गली से गुजरते हुए रैली में जय भीम के गानों ने लोगो को उत्साह से भर दिया । बलाई मोहल्ले से शुरू हुई यात्रा मंडलेश्वर नगर के अंबेडकर चौराहे पर समाप्त की गई जहां सभी ने बाबा साहब अंबेडकर को माल्यार्पण कर नमन किया । इस अवसर पर शिक्षक ललित भालसे, रिटायर्ड कमिश्नर आर आर गंगारेकर, बलाई महासंघ के तहसील कार्यकारी अध्यक्ष अश्विन पिपल्दे, पवन भालसे, राकेश चौबे, विजय भालसे, कैलाश गंगारेकर, अनुराग भालसे, गोविंद पांडे, कालू अवचरे, सहित समाज के कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## जिले के छात्र दिव्य मंत्री ने प्रदेश में पाया 7वां स्थान, कलेक्टर ने किया सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में जिले के डॉन बास्को स्कूल, आलीराजपुर के वाणिज्य संकाय के छात्र दिव्य नरेश मंत्री ने 12 वीं कक्षा में 97 प्रतिशत अर्जित कर प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने उन्हें एवं उनके अभिभावकों को कलेक्टर कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया तथा हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने दिव्य नरेश से उनकी परीक्षा तैयारी के संबंध में चर्चा की और उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। दिव्य नरेश ने बताया कि वे आगे ग्रेजुएशन में बीबीए करना चाहते हैं और इसके बाद आईआईएम से मास्टर डिग्री हासिल करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि वे भविष्य



में एक सफल उद्यमी (इंटरप्रेन्योर) बनना चाहते हैं। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने दिव्य नरेश को भविष्य में भी इसी लगन और मेहनत के साथ अध्ययन करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रुचियों के लिए भी समय निकालें और सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं सही उपयोग करें, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। इस दौरान दिव्य नरेश मंत्री की माता, उनके बड़े भाई, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा तथा डिप्टी कलेक्टर श्री तपिस पांडे उपस्थित रहे।

## ई-टोकन प्रणाली से होगा उर्वरक वितरण अनियमितता पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत जिले में किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1 अप्रैल 2026 से शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है। उर्वरक वितरण प्रणाली को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए कृषि विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है।

उपसंचालक कृषि श्री एस.एस. चौहान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उर्वरक का वितरण पूरी तरह ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रों, मार्केटिंग सोसायटियों और सभी निजी विक्रेताओं का सत्यापन कर अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि उर्वरक की कालाबाजारी, यूरिया के औद्योगिक उपयोग तथा अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन और भौतिक स्टॉक का मिलान करने के निर्देश भी दिए गए। सभी विक्रेताओं को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बिना ई-टोकन किसी भी किसान को उर्वरक का विक्रय न किया जाए। साथ ही स्टॉक और बिक्री से संबंधित जानकारी को नियमित रूप से अद्यतन रखना अनिवार्य किया गया है।

उप संचालक कृषि श्री सज्जन सिंह चौहान ने कृषि ने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों से अपील की है कि वे उर्वरक प्राप्त करने के लिए निर्धारित ई-टोकन प्रक्रिया का पालन करें।

### एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स पर राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई



आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में आज राजस्व एवं खाद्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान के माध्यम से खाद्य दुकानों पर जांच की गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री निधि मिश्रा एवं खाद्य अधिकारी श्री गडरिया के नेतृत्व में दल ने शहर के विभिन्न होलसेल कोल्ड ड्रिंक्स विक्रय प्रतिष्ठानों, गोदामों एवं होटलों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई स्थानों पर एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स पाए जाने पर उन्हें तत्काल जब्त किया गया। साथ ही विभिन्न ब्रांड के कोल्ड ड्रिंक्स एवं मिठाइयों के नमूने भी लिए गए, जिन्हें गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। कार्रवाई प्रमुख रूप से आर.आर. ग्रुप कैम्पा, शुभम जिंसी कोल्ड ड्रिंक्स, श्री मार्केटिंग कोल्ड ड्रिंक्स, शारणेश्वर टी स्टॉल एवं अभय एव्हरफ्रेश पर की गई है।अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा ने स्पष्ट किया कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अमरनाथ यात्रा हेतु मेडिकल जांच शुरू, 200 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण

देपालपुर। अमरनाथ यात्रा के लिए अनिवार्य मेडिकल परीक्षण सुविधा का शुभारंभ बुधवार से शासकीय अस्पताल देपालपुर में किया गया। पहले ही दिन 200 से अधिक श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर सहित आवश्यक चिकित्सीय जांच की गई। अमरनाथ यात्रा संयोजक केदार पंड्या की अगुवाई में आयोजन समिति पूरे समय मौजूद रही और व्यवस्थाओं का संचालन किया गया। इस दौरान लोकेन्द्र माली, संदीप सेन, अनिल बाजपेयी, अजय पटेल एवं विजय गुर्जर ने सक्रिय सहयोग दिया। स्थानीय स्तर पर मेडिकल जांच की सुविधा मिलने से यात्रियों ने संतोष व्यक्त किया। प्रशासन एवं आयोजन समिति के समन्वय से शिविर सुचारू रूप से संचालित हुआ।

## बजट क्वेस्ट 2026 में बुरहानपुर के युवाओं का कमाल, 12 लाख युवाओं के बीच चयनित प्रधानमंत्री से किया सीधा संवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

माय भारत भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत बजट क्वेस्ट 2026 में बुरहानपुर शहर की ज्ञानेश्वरी ठाकुर, चेतन जाधव और अंजली मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व किया। 12 लाख युवाओं के बीच चयनित होकर इन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद करने का अद्वितीय अवसर प्राप्त किया।

तीनों प्रतिभागियों ने बताया कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के साथ हुए संवाद में महसूस हुआ कि आज का युवा केवल दर्शक नहीं बल्कि नीति-निमार्ता बन चुका है। बजट प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं और नीति निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मजबूत करते हुए उन्होंने आर्थिक नीतियों, समावेशी विकास और विकसित भारत 2047 के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए। यह साबित



करता है कि युवा अब देश की आर्थिक नीतियों और बजट प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

इस क्वेस्ट के साथ महिला संसद का भी आयोजन किया गया जिसमें महिला वंदन अधिनियम विधेयक पर जोरदार चर्चा हुई। इसमें बुरहानपुर की ज्ञानेश्वरी ठाकुर, चेतन जाधव और अंजली मिश्रा ने चयनित होकर जिले का प्रतिनिधित्व किया और विकसित भारत के लिए अपना रोडमैप साझा किया।खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री विश्वास सारंग ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि माय भारत की टीम अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए जानी जाती है और बुरहानपुर के युवाओं ने जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

### भाजपा ने मनाया डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म दिवस

बाग। भारतीय संविधान के शिल्पकार, समाज सुधारक,समता, न्याय और बंधुत्व के प्रणेता, भारत रत्न श्रद्धेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मण्डल बाग द्वारा विजय स्तंभ चौराह बाग पर श्रृद्धैय बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रृद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, सोशल मीडिया प्रभारी संजय देपाले, निलेश पाण्डे, लखन सोलंकी, केशरसिह मंडलोई, संचालन अंकित झंवर एवं आभार दिनेश सिसोदिया किया।

### कनवासा सोसाइटी के समर्थन में किसान तहसील पहुंचे, निष्पक्ष जांच की मांग

देपालपुर। कनवासा सहकारी समिति के खिलाफ प्रकाशित खबरों के विरोध में क्षेत्र के सैकड़ों किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने समर्थन मूल्य खरीदी में रिश्वत व ट्रॉलियां रोकने के आरोपों को निराधार और भ्रामक बताया। किसानों का कहना है कि समिति प्रबंधक श्री मनोज शर्मा का कार्यकाल पारदर्शी रहा है और उन्होंने कभी किसी प्रकार की अवैध मांग नहीं की। बड़े कांटे पर तुलाई को लेकर लगाए गए आरोपों को भी तथ्यहीन बताया गया। किसानों ने मांग की कि जांच पूरी होने से पहले कोई कार्रवाई न की जाए तथा शिकायत झूठी पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाएं।



## पंजाब किंग्स के शानदार प्रदर्शन की सलमान ने की तारीफ

**प्रीति जिंटा को बधाई देते हुए कहा- टीम बहुत अच्छा खेल रही है**

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने एक्ट्रेस प्रीति जिंटा को उनकी टीम पंजाब किंग्स के आईपीएल 2026 में अब तक के शानदार प्रदर्शन को लेकर बधाई दी। बता दें कि आईपीएल 2026 में पंजाब का प्रदर्शन अब तक काफी शानदार रहा है। टीम फिलहाल 4 मैचों में 3 जीत और 1 बेनतीजा मैच के साथ 7 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सलमान ने लिखा, शाबाश जिंटा! बधाई हो जिंटा, टीम बहुत अच्छा खेल रही है।

**फैंस को पुराने ट्वीट की याद आई-** सलमान का यह ट्वीट सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया। दरअसल, फैंस ने इस ट्वीट की तुलना साल 2014 में किए गए सलमान के पुराने पोस्ट से की, जिसमें उन्होंने पूछा था, जिंटा की टीम जीती क्या? सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इसे 12 साल बाद आया सबसे अच्छा सीक्वल बताते हुए फनी रिएक्शन दिए। वहीं, एक यूजर ने कहा, टाइगर जिंटा है।

**दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया-** सलमान खान और प्रीति जिंटा ने कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें चोरी चोरी चुपके चुपके, जान-ए-मन और हर दिल जो प्यार करेगा शामिल हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द फिल्म मातृभूमि में नजर आएंगे। वहीं इसके अलावा एक्टर जल्द ही दिल राजू के साथ एक फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं।

**रणबीर-आलिया की शादी की चौथी एनिवर्सरी**

# बर्फबारी के बीच सेलब्रैशन

**तस्वीरें शेयर की, एक्ट्रेस ने लिखा- तू साथ है तो दिन रात है**





बॉलीवुड कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल को अपनी शादी की चौथी एनिवर्सरी सेलिब्रेट की। इस मौके पर आलिया ने सोशल मीडिया पर अपने वेकेशन की कई अनसीन तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। इन तस्वीरों में यह कपल बर्फीली वादियों के बीच सुकून के पल बिताता नजर आ रहा है।

आलिया ने इंस्टाग्राम पर अपनी स्कीइंग ट्रिप की झलक दिखाई है। शेयर किए गए वीडियो में दोनों पहाड़ों पर स्कीइंग करते और बर्फीली वादियों का लुत्फ उठाते दिख रहे हैं। एक फोटो में दोनों साथ बैठकर गर्म ड्रिंक्स एन्जॉय कर रहे हैं। हालांकि आलिया ने लोकेशन का खुलासा नहीं किया है, लेकिन विजुअल्स देखकर फैंस कयास लगा रहे हैं कि यह कपल स्विट्जरलैंड के गस्ताद में छुट्टियां मना रहा है। बेटी राहा संग नजर आए रणबीर कपूर तस्वीरों में रणबीर कपूर अपनी बेटी राहा के साथ नजर आ रहे हैं। रणबीर, राहा को साथ में लेकर 'एल्पका' (एक तरह का पहाड़ी जानवर) को खाना खिलाते दिख रहे हैं। आलिया ने पोस्ट के साथ एक इमोशनल नोट भी लिखा फिसलने और गिरने, चलने और बहुत सारी बातें करने के बीच... हमने अपने लिए एक बहुत ही शानदार लाइफ बना ली है। शॉर्ट में कहूं तो... तू साथ है तो दिन रात है। आलिया ने इस पोस्ट के बैकग्राउंड में अपनी फिल्म 'हाईवे' का म्यूजिक इस्तेमाल किया है।

फैमिली ने दी बधाई आलिया की इस पोस्ट पर परिवार और बॉलीवुड सितारों ने खूब प्यार बरसाया। रणबीर की मां नीतू कपूर ने इसे 'परफेक्ट' बताया, वहीं आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट किया यह सब कितना जादुई और प्यारा है। रणबीर की बहन रिद्धिमा ने भी दिल वाला इमोजी शेयर किया। अयान की फिल्म से शुरू हुई थी लव स्टोरी आलिया और रणबीर की प्रेम कहानी अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सेट पर शुरू हुई थी। कई सालों तक डेटिंग के बाद 14 अप्रैल 2022 को दोनों ने मुंबई में अपने घर 'वास्तु' में सादगी से शादी की थी। उसी साल नवंबर में उन्होंने बेटी राहा का स्वागत किया।

अब यह जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाली है। संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर-आलिया के साथ विक्की कौशल भी लीड रोल में होंगे।



## धर्मेंद्र को याद कर इमोशनल हुए बॉबी देओल

**पापा के साथ और वक्त ना बिताने का मलाल कहा- दुख ने ईशा और अहाना के करीब लाया**

बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र के निधन को करीब 140 दिन बीत चुके हैं। उनके छोटे बेटे बॉबी देओल ने पिता के जाने के बाद अपना पहला इंटरव्यू दिया है। बॉबी ने बताया कि उनके पापा की मौत ने उन्हें अंदर तक झकझोर दिया है।

इस दौरान उन्होंने अपने पछतावे और सौतेली बहनों ईशा और अहाना देओल के साथ बदलते रिश्तों पर भी खुलकर बात की। पापा के साथ और वक्त बिताने का है पछतावा बॉबी देओल ने एस्क्वायर इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि वे अपने पापा के साथ और भी क्वालिटी टाइम बिताना चाहते थे। बॉबी ने भावुक होते हुए कहा,कई ऐसे दिन होते हैं जब मुझे लगता है कि काश मैं पापा के साथ और बैठता। काश मैंने उनसे और सवाल पूछे होते। अब मैं अपने बेटों, पत्नी और परिवार के साथ रहने को लेकर ज्यादा सजग रहता हूं। बॉक्स ऑफिस, रिव्यूज और रोल्स... ये सब आखिर में मायने नहीं रखते।

इंस्टाग्राम पर आज भी देखते हैं धर्मेंद्र की रील्स सफलता के मायने बताते हुए बॉबी ने कहा कि कामयाबी इस बात से मापी जाती है कि आप अपने प्रियजनों के साथ कितना वक्त बिता पाते हैं। उन्होंने कहा, बिना किसी अपने के शोहरत और दौलत का क्या फायदा? मैं आज भी इंस्टाग्राम पर उनकी (धर्मेंद्र) रील्स देखता रहता हूं। वे बहुत ही सादगी भरे और गर्मजोशी से भरे इंसान थे। कभी-कभी लगता है कि वे रील के जरिए सीधे मुझसे ही बात कर रहे हैं। दुख ने ईशा और अहाना के करीब लाया धर्मेंद्र के निधन के बाद देओल परिवार में एक सकारात्मक बदलाव आया है। बॉबी ने बताया कि इस दुख ने उन्हें अपनी सौतेली बहनों ईशा और अहाना देओल के करीब ला दिया है।

# सारा अली खान ने बर्फबारी में टेंट में रात बिताई

**उत्तराखंड में ट्रेकिंग की, 18 किमी पैदल चलीं, बोलीं- सुकून मिला**

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने उत्तराखंड की बर्फीली पहाड़ियों पर ट्रेकिंग की। टिहरी में 18 किलोमीटर पैदल चलीं। पंवाली कांठा बुग्याल में बर्फबारी और खूबसूरत वादियों का दीदार किया। भारी बर्फबारी के बीच टेंट लगाकर रात गुजारी। स्थानीय लोगों के साथ समय बिताकर पहाड़ी खाने का आनंद उठाया।

ट्रैकर कुलदीप रावत ने बताया कि सारा अली खान 11 अप्रैल को टिहरी के घुत्तू आई थीं। यहां 3 दिन रुकीं और सोमवार यानी 13 अप्रैल को वापस चली गईं। सारा ने ग्वाणा गांव से करीब 18 किलोमीटर लंबे पैदल ट्रैक की शुरूआत की। यह ट्रैक प्राकृतिक सौंदर्य, घने जंगलों और ऊंचे पहाड़ों के बीच से होकर गुजरता है।

उन्होंने बताया कि ट्रैक के दौरान सारा ने दोफन नाम की जगह पर रात बिताई। इस इलाके में होटल या रेस्टोरेंट की कोई सुविधा नहीं है। इस वजह से सारा ने टेंट में रुककर रात बिताई। सारा ने स्थानीय लोगों के साथ वक्त बिताया। पहाड़ी कल्चर को करीब से जाना।





वापस जाते वक्त उन्होंने कहा- हमेशा ही उत्तराखंड आना बहुत ही खूबसूरत होता है। यह बहुत सुंदर है। यहां आना बहुत ही रोमांचक और सुकून भरा होता है। यहां फिर से आऊंगी।

**सारा ने लाल चावल, मंडवे की रोटी और लिंगड़ी की सब्जी खाई-** सारा अली खान ने 11 अप्रैल को टिहरी में दिन गुजारा। अगले दिन यानी 12 अप्रैल की सुबह वह पंवाली कांठा बुग्याल पहुंचीं। इस इलाके में इन दिनों ताजा बर्फबारी के कारण पूरा क्षेत्र सफेद चादर से ढका हुआ है। उन्होंने बुग्यालों की मनमोहक वादियों और बर्फीले नजारों के बीच समय बिताया। देर शाम वह दोफन वापस लौटीं।

13 अप्रैल को घुत्तू के लिए रवाना हो गईं। ट्रैक के दौरान सारा अली खान ने स्थानीय लोगों के साथ समय बिताया। पहाड़ी व्यंजनों जैसे लाल चावल, मंडवे की रोटी और लिंगड़ी की सब्जी का स्वाद भी लिया। ट्रैकर्स से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए यादगार रहा। उन्होंने भविष्य में दोबारा यहां आने की इच्छा भी जताई।

- **सारा ने अक्टूबर में किए थे रुद्रनाथ धाम के दर्शन-** सारा अली खान ने चमोली में स्थित चतुर्थ केदार रुद्रनाथ धाम के कपाट बंद होने से पहले अक्टूबर में दर्शन किए थे। इस दौरान सारा 20 किलोमीटर पैदल चलकर मंदिर पहुंची थी। सारा ने अपनी ये यात्रा चमोली के गोपेश्वर के गंगोल गांव से शुरू की थी। इसके बाद एक दिन बाद वह ल्वींटी बुग्याल पहुंची, जहां पर रात्रि विश्राम के बाद उन्होंने फिर से ट्रेकिंग शुरू की और फिर रुद्रनाथ बाबा के मंदिर तक पहुंच गईं थी। इस पूरी यात्रा के दौरान सारा कई पथरीले और संकरे रास्तों से गुजरीं, बीच में उन्हें कई स्थानीय ग्रामीण भी मिले, जो सारा को देखकर काफी खुश हो गए। सारा अली खान ने ट्रेकिंग के दौरान झोपड़ीनुमा ढाबों पर रुककर चाय पी और स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने यहां के धार्मिक विश्वास, लोक जीवन और पारंपरिक व्यंजनों के बारे में जाना। अभिनेत्री ने पहाड़ की प्राकृतिक सुंदरता और ग्रामीण संस्कृति से खासा प्रभावित होकर इसे यादगार अनुभव बताया था।
- **सारा अली खान कई बार पहुंच चुकी हैं केदारनाथ-** सारा अली खान का केदारनाथ धाम से खास जुड़ाव रहा है। फिल्म केदारनाथ के बनने के बाद वह कई बार धाम में दर्शन के लिए पहुंच चुकी हैं और अब तक बिना किसी रोक-टोक के पूजा-अर्चना करती रही हैं। हालांकि प्रस्तावित नई व्यवस्था लागू होने के बाद उन्हें भी अन्य श्रद्धालुओं की तरह तय प्रक्रिया का पालन करना पड़ सकता है। सारा का केदारनाथ से पहला आध्यात्मिक और पेशेवर जुड़ाव साल 2017 में उनकी डेब्यू फिल्म केदारनाथ की शूटिंग के दौरान हुआ था। इसके बाद वह लगातार यहां आती रही हैं। अक्टूबर 2024 में दिवाली से ठीक पहले उन्होंने केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और फोटो शेयर की थीं। वहीं 2023 में उन्होंने दो बार धाम की यात्रा की 6 मई 2023 को केदारनाथ और तुंगनाथ के दर्शन किए, जबकि करीब छह महीने बाद अक्टूबर 2023 में वह फिर केदारनाथ पहुंचीं। इसके अलावा नवंबर 2021 में सारा अली खान अपनी दोस्त और अभिनेत्री जान्हवी कपूर के साथ भी केदारनाथ दर्शन के लिए पहुंची थीं।
- **6 साल पहले सारा अली खान ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए थे-** सारा अली खान ने 2020 में काशी में श्री विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन की थी। वो उन दिनों मां अमृता सिंह के साथ वाराणसी में फिल्म की शूटिंग कर रही थी। सारा इससे दो दिन पहले गंगा आरती में शामिल हुईं और काशी विश्वनाथ मंदिर में षोडशोपचार पूजा अर्चना की और शिवलिंग को स्पर्श किया। इस पर संतों व विद्वानों ने आपत्ति दर्ज कराई थी।
- **3 साल पहले की थी महाकाल की पूजा-** सारा अली खान 2022 में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुईं थी। भस्म आरती के बाद उन्होंने गर्भगृह में जाकर शिवलिंग के दर्शन किए थे। नंदी हॉल में बैठकर करीब आधा घंटे तक मंत्रों का जाप किया था।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 5 विकेट से हराया

# मार्श का 102 मीटर लंबा सिक्स, पंत रिटायर हर्ट हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के 23वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स को 5 विकेट से हराया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में मिचेल मार्श ने 102 मीटर लंबा सिक्स लगाया। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत चोटिल होकर रिटायर हर्ट हुए।


बुधवार को विराट कोहली 49 रन पर आउट होकर अर्धशतक से चूक गए। मैच में दिलचस्प पल तब दिखा, जब जितेश शर्मा के सिक्स पर बाउंड्री के बाहर खड़े बॉल बॉय ने बेहतरीन कैच लपक लिया।




- **मार्श का 102 मीटर लंबा सिक्स स्टेडियम के बाहर गया-** लखनऊ की पारी के तीसरे ओवर में मिचेल मार्श ने भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर सिक्स लगाया। यह शॉट मिडविकेट के ऊपर से 102 मीटर दूर जाकर स्टेडियम के बाहर चला गया। भुवनेश्वर ने शॉर्ट बॉल फेंकी। मार्श ने बैकफुट पर जाकर गेंद को डीप मिडविकेट के पार भेजा।
- **हेजलवुड की गेंद पर पंत चोटिल, रिटायर हर्ट होकर लौटे-** पारी के पांचवें ओवर में जोश हेजलवुड की गेंद ऋषभ पंत की कोहनी पर लगी। यह गेंद ऑफ स्टंप के बाहर थी। पंत ने शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले से कनेक्ट नहीं हुई और उनकी बाईं कोहनी पर लगी। इसके बाद वे दर्द से कराहते नजर आए। फिजियो मैदान पर आए, लेकिन पंत रिटायर हर्ट होकर पवेलियन लौट गए।
- **पूरन-मार्श और मुकुल हुए बोल्ड-** लखनऊ की पारी में तीन अहम विकेट गिरे, जिससे टीम बैकफुट पर आ गई। सातवें ओवर की पहली गेंद पर जोश हेजलवुड ने निकोलस पूरन को बोल्ड किया। बैक ऑफ लेंथ गेंद पर पूरन पुल शॉट खेलने गए। गेंद बल्ले का किनारा लेकर स्टंप्स पर जा लगी। पूरन 1 रन बनाकर आउट हुए। दसवें ओवर की पांचवीं गेंद पर क्रुणाल पंड्या ने मिचेल मार्श को बोल्ड किया। बाहर जाती गेंद पर मार्श ने क्रीज में पीछे रहकर कट शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद का अंदरूनी किनारा लेकर स्टंप्स बिखर गए। मार्श 32 गेंदों में 40 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर रसिख सलाम डार ने मुकुल चौधरी को बोल्ड कर लखनऊ को झटका दिया। फुल लेंथ की गेंद पर मुकुल ऑन साइड में खेलने आगे बढ़े, लेकिन गेंद धीमी गति से अंदर आकर लेग स्टंप उखाड़ गई। मुकुल 28 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।
- **क्रुणाल पंड्या के 100 आईपीएल विकेट पूरे-** 11वें ओवर की दूसरी गेंद पर क्रुणाल पंड्या ने 100 आईपीएल विकेट पूरे किए। उन्होंने अब्दुल समद को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। क्रुणाल ने पैड्स लाइन पर गेंद डाली। समद लेग साइड में खेलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन शॉट टाइम नहीं कर पाए और गेंद बल्ले का लीडिंग एज लेकर कवर की दिशा में गई, जहां रजत पाटीदार ने आसान कैच पकड़ा। समद बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।
- **सॉल्ट ने लपका डाइविंग कैच, पंत आउट-** 16वें ओवर में ऋषभ पंत को पहले जीवनदान मिला, लेकिन कुछ गेंदों बाद वे पवेलियन लौट गए। दूसरी गेंद पर भुवनेश्वर कुमार ने वाइड यॉर्कर डाली। पंत ने थर्ड मैन की ओर शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद हवा में उठी, लेकिन शॉर्ट थर्ड पर मौजूद सुयश कैच नहीं पकड़ सके और पंत को जीवनदान मिला। ओवर की पांचवीं गेंद पर भुवनेश्वर ने लो फुल टॉस डाली, जिस पर पंत ने मिडविकेट की ओर फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। डीप से दौड़ते हुए फिल सॉल्ट ने आगे डाइव लगाकर लो कैच पकड़ लिया। पंत 1 रन बनाकर आउट हुए।
- **डेविड का शानदार रनिंग कैच-** 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर भुवनेश्वर कुमार ने लखनऊ को एक और विकेट दिलाया। भुवनेश्वर ने शॉर्ट गेंद डाली, जिस पर जॉर्ज लिंडे ने कट शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर हवा में गई। वहां से टिम डेविड ने लंबी दूरी तय कर पीछे दौड़ लगाई, गेंद पर नजर बनाए रखी और बाएं कंधे के ऊपर से कैच लपका। लिंडे 7 रन बनाकर आउट हुए और भुवनेश्वर को मैच में दूसरा विकेट मिला।
- **कोहली रनआउट से बचे, 49 पर कैच आउट-** पारी की शुरूआत में विराट कोहली को जीवनदान मिला। पहले ओवर में मोहम्मद शमी की ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ गेंद पर कोहली ने पॉइंट की ओर हल्का पुश किया और रन के लिए दौड़े। इस दौरान उनके और फिल सॉल्ट के बीच कन्फ्यूजन हुआ और दोनों बल्लेबाज बीच पिच पर रुक गए। हालांकि, फील्डर गेंद साफ तरीके से नहीं उठा सका और रनआउट का मौका चूक गया। इसके बाद 11वें ओवर की पहली गेंद पर आवेश खान ने उन्हें पवेलियन भेजा। फुल लेंथ गेंद पर कोहली ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के अंदरूनी हिस्से पर लगकर लॉन्ग-ऑन की दिशा में गई, जहां निकोलस पूरन ने आसान कैच पकड़ लिया। कोहली 34 गेंदों में 49 रन बनाकर आउट हुए और अर्धशतक से 1 रन दूर रह गए। उनकी पारी में 6 चौके और 1 छक्का शामिल रहा।
- **जितेश के सिक्स पर बाउंड्री बॉल बॉय ने लपका कैच-** 11वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जितेश शर्मा ने छक्का जड़ा, लेकिन इस शॉट का दिलचस्प पल बाउंड्री के बाहर दिखा। दिग्वेश सिंह राठी ने ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद डाली, जिस पर जितेश ने आगे बढ़कर शॉट खेला।

### आईपीएल में आज मुंबई-पंजाब

## पिछले सीजन दोनों मैच पंजाब ने जीते, हेड टु हेड में दोनों बराबर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 24वें मैच में आज मुंबई इंडियंस का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। मैच मुंबई के घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। टॉस 7:00 बजे होगा। दोनों टीमें इस सीजन में पहली बार आमने-सामने होंगी।

पिछले सीजन दोनों टीमें दो बार आमने-सामने हुई थीं, और दोनों बार पंजाब को जीत मिली थी। टीम इस सीजन 4 में से 3 मैच जीतकर दूसरे नंबर पर है, आज जीतकर टीम के पास पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर पहुंचने का मौका है। टीम का एक मैच कोलकाता के खिलाफ बारिश के कारण रद्द रहा था। दूसरी ओर मुंबई को 4 में से 1 में जीत मिली है। वानखेड़े में दोनों ने 5-5 मैच जीते एमआई और पंजाब के बीच आईपीएल में मुकाबला काफी कड़ा रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 34 मैच खेले गए हैं, जिसमें मुंबई को 17 और पंजाब को 16 मैचों में जीत मिली है, जबकि एक मुकाबला टाई रहा था, जिसे सुपर ओवर में पंजाब ने अपने नाम किया। वहीं वानखेड़े पर दोनों टीमें 10 बार आमने-सामने हुई हैं, जहां मुकाबला पूरी तरह बराबरी का रहा है और दोनों ने 5-5 मैच जीते हैं। शार्दूल टक के टॉप बॉलर टक के लिए आईपीएल 2026 में अब तक रोहित शर्मा और शार्दूल ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन किया है। रोहित शर्मा ने 4 मैचों में 137 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। उनका स्ट्राइक रेट 165.06 रहा है, जिससे उन्होंने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









रोजगार संकट में दुनिया

# 1.2 अरब युवाओं के लिए सिर्फ 40 करोड़ नौकरियां



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

विश्व बैंक ने चेतावनी दी है कि ईरान युद्ध लंबा चला तो भारत सहित विकासशील देशों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ सकती है।

भारत सहित विकासशील देशों में करीब 80 करोड़ नौकरियां कम होने का जोखिम बढ़ रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अनिश्चितताओं के बीच विश्व बैंक ने दुनिया में एक बड़े रोजगार संकट की चेतावनी दी है। विश्व बैंक प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि 1.2 अरब लोग कार्यबल का हिस्सा होंगे, लेकिन मौजूदा रफ्तार से केवल 40 करोड़ नौकरियां ही पैदा होंगी। ये वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है।

**युद्ध लंबा खिंचा तो बढ़ेगा संकट–** बंगा ने कहा, युद्ध लंबा चला तो बेरोजगारी बढ़ने का खतरा भी बढ़ता जाएगा। ऐसे में सरकारों और नीति-निमार्ताओं को एक साथ कई चुनौतियों से निपटना होगा। युद्ध संकट और दीर्घकालिक विकास दोनों पर फोकस जरूरी है। उन्होंने रोजगार बढ़ाने के लिए विकासशील देशों में नीतिगत सुधारों पर जोर दिया। इसमें कारोबार शुरू करने में आसानी, श्रम कानूनों में सुधार, पारदर्शिता, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और बेहतर व्यापार व्यवस्था जैसे कदम शामिल हैं। एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, 2025 तक दुनिया भर में 11.7 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। यदि रोजगार के पर्याप्त मौके नहीं मिले तो अवैध प्रवासन जैसी समस्याएं और बढ़ सकती हैं। बुनियादी ढांचा, कृषि, पर्यटन और विनिर्माण में निवेश बढ़ाकर रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

# ईरान जंग का असर- खाने का तेल 7% महंगा

## साबुन-बिस्किट के पैकेट छोटे हुए, वॉशिंग मशीन, फ्रिज और एलईडी के दाम 15% तक बढ़े



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान समेत पूरे पश्चिम एशिया में तनाव से जो हालात पैदा हुए हैं, उसके चलते आम भारतीयों का घरेलू खर्च बढ़ रहा है। रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरणों तक, हर चीज या तो महंगी हो गई है या उनके दाम बढ़ने की आशंका गहरा रही है।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने एक साथ कई मोर्चों पर दबाव बनाया है। ईवाई इंडिया का विश्लेषण कहता है कि यह असर अगले दो साल तक बना रह सकता है। खाने के तेल के दाम 7% से ज्यादा बढ़ गए हैं। भारत जरूरत का 57% खाद्य तेल आयात करता है। इनमें पाम ऑयल, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल शामिल है।

इस बीच पैकेजिंग, ढुलाई और कच्चे माल की लागत बढ़ने से साबुन, पेस्ट, बिस्किट जैसे एफएमसीजी प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियां या तो दाम बढ़ाएंगी या पैकेट छोटे करेंगी। इसे श्रिंकफ्लेशन कहा जाता है। पेंट, टेक्सटाइल और पर्सनल केयर कंपनियां भी लागत बढ़ने का हवाला देकर कीमतें बढ़ाने की तैयारी में हैं।

### एफएमसीजी : साबुन, शैंपू, बिस्किट जैसे प्रोडक्ट्स की सप्लाई भी बाधित हो रही


पश्चिम एशिया संकट पर ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत विफल होने से कच्चे तेल की आपूर्ति घटी है। इसके चलते सोमवार को क्रूड के दाम 8% से ज्यादा बढ़कर 104 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकल गए। इससे सर्फैक्टेंट और पेट्रोकेमिकल डेरिवेटिव की किल्लत हो गई। नतीजतन शैंपू, साबुन जैसे उत्पादों की आपूर्ति बाधित हुई है। ऐसे में कंपनियां दाम बढ़ाने से बचने के लिए इनके पैकेट छोटे कर रही हैं।

**कंज्यूमर ड्यूरेबल्स:** लागत 10-15% तक बढ़ गई घरेलू उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग लागत 10-15% तक बढ़ चुकी है। इसका 70% हिस्सा कंपनियां पहले ही ग्राहकों पर डाल चुकी हैं। वॉशिंग मशीन, फ्रिज, पंखे और एलईडी सब के दाम बढ़े हैं। अब भीषण गर्मी की आशंका से वोल्टास और ब्लू स्टार जैसी एसी कंपनियों के शेयर चढ़ने लगे हैं क्योंकि इनकी बिक्री तेजी से बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है।

**कपड़ा-पेंट:** इस साल दाम 5% तक बढ़ सकते हैं क्रूड के दाम बढ़ने से प्लास्टिक की उत्पादन लागत करीब 50% बढ़ गई है। टेक्सटाइल सेक्टर में पॉलिएस्टर, नायलॉन और कलर-केमिकल्स 20-25% महंगे हो गए हैं। भारत के कपड़ा उत्पादन में 60% हिस्सा सिंथेटिक फाइबर का है। ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक, इसके चलते 1 अप्रैल से शुरू वित्त वर्ष 2026-27 में कपड़े और पेंट के दाम 2-5% तक बढ़ने की संभावना हैं।

एऊकी बड़ी कार्रवाई

# रिलायंस एडीएजी के पूर्व अधिकारी अमिताभ झुनझुनवाला गिरफ्तार




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई करते हुए रिलायंस अऊअऋके पूर्व वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तार किया है। झुनझुनवाला ने मार्च 2003 से सितंबर 2019 तक रिलायंस कैपिटल लिमिटेड में निदेशक के रूप में काम किया था।

प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (अऊअऋ) के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी अमिताभ झुनझुनवाला को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, यह गिरफ्तारी बैंक लोन धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में की गई है, जिसमें संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें हिरासत में लिया और आगे की विस्तृत पूछताछ के लिए अदालत में पेश किया।

**शेल कंपनियों के जरिए धोखाधड़ी का आरोप-** जांच एजेंसी का कहना है कि यह मामला रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड जैसी कंपनियों के जरिए कथित बैंक लोन धोखाधड़ी से जुड़ा है। आरोप है कि इसमें शेल या फर्जी कंपनियों का इस्तेमाल किया गया। यह मामला रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप से जुड़ा बताया जा रहा है, जिसकी वित्तीय गतिविधियों पर पहले से जांच चल रही है।

**झुनझुनवाला की भूमिका-** अमिताभ झुनझुनवाला ने मार्च 2003 से सितंबर 2019 तक रिलायंस कैपिटल लिमिटेड में निदेशक के रूप में काम किया था। यह कंपनी आरएचएफएल और आरसीएफएल की होल्डिंग कंपनी है। ईडी अब इस पूरे मामले में धन के प्रवाह और संदिग्ध लेन-देन की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। एजेंसी ने अदालत से आरोपी की कस्टडी की मांग भी की है ताकि गहन पूछताछ की जा सके।

आईएमएफ की रिपोर्ट : वैश्विक झटकों के बीच भारत की मजबूत आर्थिक उड़ान

# 2025 में 7.6% और 2026 में 6.5% विकास दर का अनुमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है। 2025 में 7.6% और 2026 में 6.5% विकास दर का अनुमान।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार अपनी मजबूती का प्रदर्शन कर रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरींचस ने बताया है कि वैश्विक ऊर्जा संकट और अस्थिरता के बावजूद भारत की विकास दर स्थिर बनी हुई है। यह रिपोर्ट उन चिंताओं को काफी हद तक कम करती है जिनमें कहा जा रहा था कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का भारत जैसी तेल पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं पर भारी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**विकास दर के मजबूत और सकारात्मक आंकड़े–** भारत, जापान, यूएई, नीदरलैंड और चिली के पत्रकारों के साथ एक साक्षात्कार के दौरान गौरींचस ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन की सराहना की। आईएमएफ के अनुसार, वित्त वर्ष के आधार पर 2025 में भारत का आर्थिक विकास 'बहुत ही शानदार' रहा है, जिसे 7.6 प्रतिशत आंका गया है। यह सकारात्मक गति यहीं रुकने वाली नहीं है, बल्कि अगले साल भी इसके जारी रहने की पूरी उम्मीद है।




मुख्य अर्थशास्त्री ने जानकारी दी है कि आईएमएफ ने 2026 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत रखा है, जो उनके पिछले अनुमानों की तुलना में थोड़ा अधिक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मध्य पूर्व युद्ध का अर्थव्यवस्था पर कुछ नकारात्मक प्रभाव जरूर पड़ रहा है, लेकिन 2025 से मिली मजबूत आर्थिक गति इस नुकसान की आसानी से भरपाई कर रही है।

**महंगाई और ऊर्जा निर्भरता की बड़ी चुनौतियां–** एक तरफ जहां विकास दर के आंकड़े उत्साहजनक हैं, वहीं दूसरी तरफ भारत के सामने मुद्रास्फीति (महंगाई) एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है। आईएमएफ का अनुमान है कि 2026 में भारत की महंगाई दर बढ़कर 4.7 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। गौरींचस ने इस वृद्धि के पीछे मुख्य रूप से वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल और भारत में 2026 की शुरूआत में खाने-पीने की चीजों (खाद्य पदार्थों) की बढ़ती कीमतों को जिम्मेदार बताया है।

इसके अलावा, उन्होंने चेतावनी दी है कि मौजूदा अस्थिर वैश्विक माहौल में भारत की ऊर्जा और कच्चे तेल के आयात पर भारी निर्भरता एक बड़ी कमजोरी साबित हो सकती है।

### सुधरते व्यापारिक संबंध और भारत की वैश्विक भूमिका

इन तमाम चुनौतियों के बीच एक बड़ी राहत अमेरिका और भारत के बीच सुधरते व्यापारिक संबंध हैं। दोनों देशों के बीच हालिया व्यापारिक चर्चाओं से न केवल टैरिफ (आयात शुल्क) को लेकर अनिश्चितता कम हुई है, बल्कि टैरिफ का स्तर भी घटा है। ऐसे समय में जब दुनिया की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं मंदी और अनिश्चितता से जूझ रही हैं, आईएमएफ का यह आकलन भारत को वैश्विक विकास के एक प्रमुख इंजन के रूप में स्थापित करता है। हाल के वर्षों में भारत ने मजबूत घरेलू मांग, शानदार निवेश, नीतिगत स्थिरता और एक लचीले निजी क्षेत्र के दम पर अपनी तेज विकास दर को बनाए रखा है। मध्य पूर्व संकट के कारण हालांकि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है और कमोडिटी की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, लेकिन इसका व्यापक असर इस बात पर निर्भर करेगा कि यह वैश्विक झटका कितने समय तक और कितनी तीव्रता के साथ बना रहता है। कुल मिलाकर, आईएमएफ की यह रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि भारत की वर्तमान विकास यात्रा उसकी 6.5 प्रतिशत की दीर्घकालिक क्षमता के बिल्कुल अनुरूप है।

स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देगी सरकार

# जारी करेगी 10,000 करोड़ रुपये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकार एक कोष स्थापित कर रही है, जो नवाचार आधारित विनिर्माण स्टार्टअप को समर्थन देगा। इसके लिए अनुभवी लोगों को लेकर उद्यम पूंजी निवेश समिति भी बनाई जाएगी।

देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकार अब 10,000 करोड़ रुपये के साथ स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 की शुरूआत करने जा रही है। यह कोष प्रौद्योगिकी, प्रारंभिक विकास चरण और नवाचार आधारित विनिर्माण स्टार्टअप का समर्थन के लिए है। सरकार ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसका उद्देश्य देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए उद्यम और विकास पूंजी जुटाना है। इसके लिए अनुभवी लोगों को लेकर उद्यम पूंजी निवेश समिति बनाएगा।

**योजना की निगरानी के लिए तंत्र भी बनेगा–** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग इस समिति की संरचना और संचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी करेगा। योजना के अमल के लिए मजबूत निगरानी और निरीक्षण तंत्र भी बनेगा। इसमें सरकार और संस्थागत निवेशकों द्वारा सह-निवेश के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। यह योजना देश की आर्थिक दृढ़ता को मजबूत करने, विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने, उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों का सृजन करने और भारत को एक वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने में योगदान देगी।

**तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी बढ़ी–** पश्चिमी एशिया संकट के चलते ऊर्जा क्षेत्र में आई परेशानियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। इसके तहत पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन यानी ई-रिक्शा, ई-कार्ट आदि के लिए सब्सिडी की समय सीमा 31 मार्च, 2028 तक बढ़ा दी गई है। इसी तरह, पंजीकृत दुपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए के लिए सब्सिडी की आखिरी तिथि 31 जुलाई, 2026 की गई है। भारी उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में बताया कि सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और अपनाने को बढ़ावा दे रही है। यह केवल ऊर्जा सुरक्षा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी एक अहम कदम है।



विकास नगर में आवासीय इलाके से सटी झोपड़पट्टी पूरी तरह राख, करीब 10 किलोमीटर के दायरे में धुएं का गुबार देखा गया

# लखनऊ के विकासनगर की अवैध झोपड़ियां जलकर राख, पूरे इलाके में दहशत

## सिलेंडर-टंकी दगने से दहल उठा इलाका

ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ

विकासनगर के सेक्टर-12 रिंग रोड की झुग्गी बस्ती में बुधवार शाम करीब चार बजे आग लग गई। गैस सिलेंडर और बस्ती में खड़ी बाइकों के टैंक में ताबड़तोड़ विस्फोट होने से इलाका दहल गया। आग पूरी बस्ती में फैल गई। भगदड़ मच गई। कई लोगों के बच्चे फंस गए। पुलिस और दमकल कर्मियों ने लोगों को बाहर किया तो वे बच्चों के फंसे होने का हवाला देकर भिड़ गए। कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इसमें सिविल डिफेंस के पोस्ट वार्डन ऋषि श्रीवास्तव का सिर फट गया। कई अन्य लोग घायल हो गए। छह बच्चे लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि जली झोपड़ियों की संख्या 1000 से अधिक है वहीं पुलिस कमिश्नर ने बताया कि करीब दो सौ झोपड़ियां जली हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, पुलिस महानिदेशक अग्निशमन सुजीत पांडेय, पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर और डीएम विशाख जी पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाकर शांत करा कुछ दूर स्थित मिनी स्टेडियम में भेजा। इस अग्निकांड में पूरी बस्ती राख हो गई। देर रात आग पर काबू पा लिया गया।



### सौ से ज्यादा सिलेंडरों में धमाके, 50 पानी में फेंके

अग्निकांड के दौरान करीब 100 से अधिक सिलेंडरों में ताबड़तोड़ धमाके हुए। इससे आग और विकराल हो गई थी। लपटें करीब 20-30 फीट ऊपर तक उठ रही थी। कालोनी में रहने वाले लोग दहशत के कारण अपने घरों से बाहर सड़कों पर आ गए। वहीं, आनन फानन कुछ लोगों ने बस्ती से 50 से अधिक गैस सिलेंडर निकालकर पीछे नाले में डाल दिए।

विकास नगर में आवासीय इलाके से सटी झोपड़पट्टी में आग लगने से करीब 10 किलोमीटर के दायरे में धुएं का गुबार देखा गया। अग्निकांड इतना भीषण था कि लपटों से आसमान लाल हो गया। शाम होने के नाते भी लपटें दूर तक देखी गईं। झोपड़ियों में रखे एलपीजी सिलेंडर और बाइकों के टैंक फटने से पूरा इलाका दहल उठा।

मुंशीपुलिया से आगे सीतापुर बाईपास किनारे सैकड़ों झुग्गी झोपड़ियां लंबे समय से आबाद थीं। बस्ती के विशाल गौतम का दावा है कि शाम करीब चार बजे देशी शराब ठेके के बगल में बनी कैंटीन से आग की लपटें एकाएक उठीं और विकराल होने लगीं। उनके साथ ही पड़ोसी धर्मेंद्र, बबलू, विमलेश, राम स्वरूप, मंत्री, मो. आसिफ कुरैशी, रहमान, सुनीता और करन की झोपड़ियां जलने लगीं। लोगों ने पानी फेंककर काबू पाने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। इस बीच, झोपड़ियों में रखे गैस सिलेंडर ताबड़तोड़ धमाकों के साथ फटने लगे और पूरी बस्ती धू-धूकर जलने लगी। करीब डेढ़ घंटे बाद दमकल और पुलिस पहुंची। राहत व बचाव के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ भी पहुंच गए।

### अंदर जाने से पुलिस ने रोका तो भीड़ उग्र हो गई

लखनऊ। इलाके के रहमान ने बताया कि उनके चार बच्चे अंदर ही फंसे हैं। वहीं, एक महिला ने कहा कि उसके दो बच्चे फंसे हैं। लोग अंदर जाने की जिद करने लगे। इस पर पुलिस ने रोका तो उग्र हो गए और पथराव कर दिया। इससे बस्ती के लोगों के साथ ही पुलिस और सिविल डिफेंस के कर्मी समेत आठ से 10 लोग घायल हो गए। लोगों ने बताया कि बस्ती में 1000 से अधिक झोपड़ियां थीं। लोगों ने बताया कि मुर्गे, बकरियां, कुत्ते समेत करीब 50 मवेशी जल गए।

### सरकार पीड़ित परिवारों के साथः ब्रजेश पाठक

लखनऊ। अग्निकांड का संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। प्रशासनिक व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। पीड़ित परिवारों के साथ हर परिस्थिति में सरकार खड़ी है। डिप्टी सीएम ने मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों को बुलाया एवं घटना में घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, एनडीआरएफ से चर्चा की।

# खुलासाः नोएडा के श्रमिकों को भड़काने में बाहरी तत्वों का हाथ

ब्रह्मास्त्र ›› नोएडा

उत्तर प्रदेश के नोएडा में श्रमिक आंदोलन की आड़ में अराजकता फैलाने की साजिश को योगी सरकार ने कुछ ही घंटों में सख्ती और सूझबूझ के साथ नाकाम कर दिया। एसटीएफ और पुलिस जांच में यह मामला श्रमिक असंतोष का नहीं, बल्कि इसके पीछे एक सुनियोजित साजिश थी, जिसमें कुछ संदिग्ध राजनीतिक विचारधारा के दलों की भूमिका सामने आई है।

उच्च स्तरीय सूत्रों के मुताबिक, जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। कुल 66 गिरफ्तारियों में से 45 लोग ऐसे हैं, जो वास्तविक श्रमिक नहीं थे। आगजनी की घटना में चिन्हित 17 में से 11 को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 8 गैर-श्रमिक हैं। वहीं भड़काने के आरोप में 32 लोगों की पहचान हुई, जिनमें से 19 को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 34 ऐसे लोगों को भी पकड़ा गया है, जो श्रमिक नहीं होते हुए भी कथित आंदोलन में शामिल होकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे थे। साजिश रचने के आरोप में 4 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, जिनके कथित तौर पर कुछ संगठित नेटवर्क से जुड़े होने की बात सामने आई है। अब तक गिरफ्तार हुए लोग संदिग्ध विचारधारा वाले राजनीतिक संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं। नोएडा के आर्थिक ढांचे को बर्बाद करने की एक घिनौनी, सुनियोजित और बड़े पैमाने की साजिश रची गई थी, जिसमें कुछ राजनीतिक दलों का पूरा इकोसिस्टम खुलकर शामिल था। ये पार्टियां मिलकर यूपी की प्रगति को कुचलने और नोएडा जैसे आर्थिक हब को आग में झोंकने की कुटिल चाल चल रही थीं।

सूत्रों ने बताया कि आंदोलन के झूठे मुखौटे के पीछे छिपे चार दर्जन से ज्यादा यादव और मुस्लिम व्यक्ति पकड़े गए हैं, जो कुछ राजनीतिक दलों के एजेंडे के तहत अराजकता फैलाने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पूरे इलाके को आर्थिक रूप से लूटने की तैयारी में थे। ये तत्व न सिर्फ नोएडा की विकास यात्रा को रोकना चाहते थे, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतारकर सत्ता के खेल में अपना स्वार्थ साधना चाहते थे।

उच्चस्तरीय सूत्रों ने बताया कि इतना ही नहीं, बंगाल, बिहार, यूपी समेत देश के अलग-अलग कोनों से आई कुछ महिलाएं भी इस साजिश में सक्रिय रूप से शामिल पाई गई हैं, जिनकी भूमिका बेहद संदिग्ध और खतरनाक है। ये हिंसक प्रदर्शन में शामिल लोगों की मदद कर रही थीं। इनका मकसद अराजकता भड़का कर नोएडा को आग के हवाले कर देना था। यह पूरा खेल न सिर्फ एक राजनीतिक साजिश था, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ को तोड़ने का देशद्रोही षड्यंत्र था।

# परिसीमन के विरोध में विपक्षी दल लामबंद

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के मुद्दे पर गुरुवार को संसद के विशेष सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव तय है। इंडिया गठबंधन ने बुधवार को महिला आरक्षण फौरन लागू करने का समर्थन करते हुए परिसीमन विधेयक का विरोध करने का निर्णय लिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में बुधवार को उनके सरकारी आवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। बैठक में तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित 19 पार्टियों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि हम महिला आरक्षण के पक्ष में हैं। हालांकि, जिस तरह इसे लाया गया है उस पर गंभीर आपत्ति है। विपक्ष ने हमेशा समर्थन कियाः कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने महिला आरक्षण विधेयक को राजनीति से प्रेरित करार दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण विधेयक का लगातार समर्थन किया है। जोर दिया कि पूर्व में पारित संशोधन के आधार पर ही इसे लागू करना चाहिए। 2029 से लागू हो आरक्षणः कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि महिला आरक्षण लोकसभा की मौजूदा संख्या 543 के आधार पर लागू हो और इसे 2029 के चुनाव से लागू किया जाए। कहा कि दक्षिण, उत्तर पश्चिमी भारत और पूर्वोत्तर राज्यों का समानुपात घटेगा।

## अमेरिका और ईरानी राष्ट्रपति ने संवाद के जरिए समाधान पर जोर दिया, कहा-जंग जल्द खत्म होने के करीब

# होर्मुज खुलेगा, शांति वार्ता भी जल्द : अमेरिकी डोनाल्ड ट्रंप




ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहा युद्ध खत्म होने के करीब है। ट्रंप ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि होर्मुज खुलेगा और शांति वार्ता भी जल्द होगी। उन्होंने कहा, अगर अमेरिका पीछे हट जाए तो तेहरान को पूरे ईरान को दोबारा खड़ा करने में 20 साल लग सकते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ये टिप्पणी अमेरिकी सेना द्वारा ईरानी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों की नाकेबंदी के बाद आई है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि जंग खत्म होने के बहुत करीब है। मैं इसे लगभग समाप्त मानता हूं। उन्होंने कहा कि ईरान से इसलिए लड़ना पड़ा क्योंकि अगर हम नहीं लड़ते तो अभी उसके पास परमाणु हथियार होता। ईरान के पास अगर परमाणु हथियार होता तो हर ईरानी को सर कहने की मजबूरी होती।

उन्होंने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। इसलिए मुझे 20 साल वाला विकल्प पसंद नहीं है। ट्रंप से पूछा गया कि क्या अस्थायी रोक ईरान को समझौते के लिए प्रेरित कर सकती है। इसपर उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि ईरान को ऐसा लगे कि उन्हें कोई जीत मिली है।

अमेरिका ने ईरान के तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों में मिली अस्थायी छूट की समय सीमा बढ़ाने से इनकार किया है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने बुधवार को साफ किया कि वह अस्थायी छूट को आगे नहीं बढ़ाएगा। यह छूट युद्ध के बाद ईंधन आपूर्ति की चुनौती को कम करने के लिए दी गई थी, जो 19 अप्रैल को समाप्त हो रही है। इससे एक बार फिर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। खासकर तब, जब प्रमुख समुद्री मार्गों पर आवाजाही पहले ही प्रभावित है।

### वार्ता के बाद लेबनान पर इजरायली हमले और बढ़े

वॉशिंगटन में लेबनान और इजरायल के बीच पहले दौर की ऐतिहासिक बातचीत के एक दिन बाद ही इजरायल ने दक्षिणी लेबनान पर रातभर हमले किए। इससे दोनों देशों के बीच शांति के प्रयास असफल होते दिखे रहे हैं। दोनों देशों तीन दशक में पहली बार बातचीत के लिए एक मेज पर आए थे। हालांकि, इसमें संघर्ष विराम सहमति नहीं बनी थी। आने वाले सप्ताह में दोनों के बीच फिर से बातचीत हो सकती है। इजरायल ने दो घंटे चली बातचीत को शानदार बताया, लेकिन यह साफ किया कि वह अभी दक्षिणी लेबनान में संघर्ष विराम के लिए तैयार नहीं है। उसका कहना है कि उसकी प्राथमिकता अपने नागरिकों की सुरक्षा है और हिज्बुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी।

## होर्मुज को हमेशा के लिए खोलने की कवायद




ट्रंप ने कहा कि होर्मुज को हमेशा के लिए खोलने की कवायद से चीन खुश है। चीन ईरान को हथियार नहीं देने के लिए राजी हो गया है। आगे जब मैं शी जिनपिंग से मिलूंगा तो वे मुझे गले लगा लेंगे। ट्रंप ने धमकी दी थी कि जो देश ईरान को हथियार देगा उसपर 50%टैरिफ लगाएगा।

### पोप पर फिर हमला बोला

ट्रंप ने फिर पोप लियो 14वें पर निशाना साधते हुए ईरान को लेकर उनकी टिप्पणी की आलोचना की है। ईसाई समर्थकों से कड़ी आलोचना के बावजूद ट्रंप ने यह बयान दिया है। कहा, ईरान ने 42 हजार निहत्थे प्रदर्शनकारियों की हत्या की है। क्या कोई पोप लियो को यह बताएगा।

### नाटो आगे भी साथ नहीं

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो पर हमला बोलते हुए कहा है कि नाटो ने पहले भी कभी अमेरिका का सहयोग नहीं किया और भविष्य में भी नहीं करेगा। नाटो हमारे लिए खड़ा नहीं हुआ और भविष्य में भी हमारे लिए खड़ा नहीं होगा। बुधवार को ट्रूथ पर पोस्ट में उन्होंने फिर कागजी शेर बताया।

### यूएन शांति सैनिकों की मौत पर 10 देश चिंतित

ओटावा। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों और सहायता कर्मियों की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए 10 देशों ने चिंता जताई है। लेबनान में बिगड़ते हालात और विस्थापन संकट के बीच उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है। इन देशों में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, कोलंबिया, जापान, इंडोनेशिया, जॉर्डन, सिएरा लियोन, स्विट्जरलैंड और यूके शामिल हैं।

## रिपोर्ट में दावा: बिन अमेरिका योजना बना रहा यूरोप

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका के बगैर यूरोपीय देश समुद्री जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से पोतों के सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के मिशन पर काम कर रहे। अमेरिकी समाचार पत्र द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में ये दावा किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन और फ्रांस की अगुवाई में एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा। इसके तहत लड़ाई समाप्त होने के बाद समुद्री मार्गों पर भरोसा बहाल करने के लिए एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाया जाएगा। अधिकारियों के हवाले से बताया कि इस पहल में समुद्र में बिछी बारूदी सुरंग को हटाने के अभियान और नौसेना की तैनाती जैसे कदम शामिल होंगे। हालांकि, अमेरिका, इजरायल और ईरान जैसे सीधे तौर पर संघर्ष में शामिल देशों को इस गठबंधन से बाहर रखा जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह मिशन डिफेंसिव होगा। यूरोपीय पोत अमेरिकी कमांड के तहत काम नहीं करेंगे। इसका मकसद शिपिंग कंपनियों को यह भरोसा दिलाना है कि लड़ाई रुकने के बाद वापस लौटना सुरक्षित है। योजना तभी लॉन्च की जाएगी जब जब शांति बहाल हो जाएगी। यह योजना कुछ हद तक लाल सागर में यूरोपीय संघ के ऑपरेशन एस्पाइड्स पर आधारित है। इस मिशन ने हूती हमलों से वाणिज्यक जहाजों की सुरक्षा के लिए नेवी एस्कॉर्ट्स को सहयोग किया था।

# ईरान ने लाल सागर को बंद करने की धमकी दी

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान

अमेरिकी सेना द्वारा ईरानी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों की नाकेबंदी के बाद ईरान ने धमकी दी है कि वो खाड़ी और ओमान के समुद्री क्षेत्र में लाल सागर में व्यापार को बाधित यानी बंद कर देगा।

ईरान के मिलिट्री सेंट्रल कमांड सेंटर ने बुधवार को कहा कि अमेरिका नाकेबंदी जारी रखता है और ईरानी पोतों और तेल टैंकरों को किसी तरह की असुरक्षा होती है तो यह युद्धविराम का उल्लंघन होगा। ईरान के सेंट्रल कमांड के प्रमुख अली अबदोलाही ने कहा कि ईरान की शक्तिशाली सेना फारस की खाड़ी, ओमान के समुद्री क्षेत्र और लाल सागर में किसी भी तरह के आयात- निर्यात को मंजूर नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता के लिए पूरी ताकत से पलटवार करेगा। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी पूरी हो चुकी है। सेंटकॉम के कमांडर एडमिरल कूपर ने बताया कि 36 घंटे के भीतर ईरान की ओर से और ईरान की तरफ होने वाले व्यापार को पूरी तरह रोक दिया गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड नें बताया कि अमेरिकी सेना के दस हजार नौसैनिकों के साथ दर्जनों युद्धपोत और लड़ाकू विमानों की भूमिका रही है।



### अमेरिका-ईरान शांति समझौते के करीब पहुंचे

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने को लेकर एक समझौते के करीब पहुंच गए हैं। अमेरिकी मीडिया एक्सिओस ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि 21 अप्रैल को खत्म हो रहे सीजफायर से पहले समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच गुरुवार को तेहरान में ईरानी अधिकारियों और पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के बीच अहम बातचीत होगी। यह जानकारी मीडिया 'तस्नीम' ने दी। आसिम मुनीर बुधवार को ही तेहरान पहुंचे और विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की। पाकिस्तानी सेना ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि मुनीर के नेतृत्व वाला यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका का संदेश लेकर ईरान गया है। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों देशों के बीच बातचीत आगे बढ़ी है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच अभी भी मतभेद बने हुए हैं। इस प्रक्रिया में पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं।

### संघर्ष विराम दो हफ्ते बढ़ाने की कवायद

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका- ईरान के बीच जारी 14 दिन के संघर्ष विराम को बढ़ाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। मामले से जुड़े अफसरों ने बताया कि मध्यस्थ 22 अप्रैल को खत्म हो रहे संघर्ष विराम को दो सप्ताह के लिए और बढ़ाना चाहते हैं ताकि ताकि कूटनीति को और मौका मिल सके। दूसरे दौर की शांति वार्ता का नेतृत्व अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कर सकते हैं। ये वार्ता भी इस्लामाबाद में हो सकती है। ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जैरेड कुशनर के भी संभावित दूसरी बैठक में शामिल होने की संभावना है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के नेतृत्व में पाक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को तेहरान पहुंचा। यह दौरा मौजूदा जारी संघर्ष को सुलझाने से जुड़ा है। पाक सेना के प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी शामिल हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बुधवार को सऊदी अरब, कतर और तुर्किये की यात्रा पर रवाना हुए हैं।

## अंतर ढूंढो...








## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत-3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण-2
15. बारबाला, मधुबाला-2
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां, मम्मी, मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

### ऊपर से नीचे

1. नाज, नखरा, चोंचला-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात-3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | | 50 | | 75 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 38 | | 24 | | 71 | | 12 | = | 73 |
| | | | | | | | | |
| 1 | | 15 | | 62 | | 5 | = | 72 |
| | | | | | | | | |
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 43 | | 13 | | 11 | | 20 | = | 98 / 39 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | म | मा | अ | शो | क | म | न | ह | क | रा |
| हा | त | सू | ह | री | ल | जी | स | ल | का | ज |
| पु | बी | रा | द | अं | फ्यु | त | र | म | ल | थी. |
| प | र | दा | ज | ल | क | जी | ओ | मु | व | त |
| पु | अ | न | ध | रा | म | मी | छ | झे | सी | ला |
| प | मी | ज | रा | जि | स्वा | क | प | कु | गु | श |
| के | ह | बु | न | री | म | मी | रे | छ | हा | ण |
| न | पू | सु | पा | बी | पं. | सौ | ल | क | ना | स |
| मों | रे | क | सू | ह | ज | ने | ने | हा | न | त |
| आ | प | वे | व | फ | दी | र | ह | ना | क | थ |
| टो | स्टी | न | प | ट | न | इ | ह | है | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | 4 | | | 2 |
| | 38 | 6 | 34 | | 32 | 7 |
| | | 7 | | | | |
| 5 | 29 | 1 | 33 | 4 | 36 | 6 |
| | | 2 | | | 4 | 5 |
| 1 | 24 | | 35 | | 28 | |
| 2 | | 5 | | 1 | | 4 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



## महिला आरक्षण संशोधन बिल आज संसद में पेश होगा

# लोकसभा सीटें 543 से बढ़कर 850 होंगी, 2029 लोकसभा चुनाव में लागू किया

**संसद में आज महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े 3 बिल पेश किए जाएंगे। इन बिलों में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 2029 से 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव है। इसके लिए तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। संशोधन बिल में लोकसभा सांसदों की संख्या 850 करने का प्रस्ताव है। मौजूदा संख्या 543 है। राज्यों में 815 और केंद्र शासित प्रदेशों में 35 तक सीटें होंगी। सीटों की सटीक संख्या तय करने के लिए परिसीमन भी किया जाएगा। 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। बिलों पर 16, 17 और 18 अप्रैल को चर्चा होगी। पहले 2 दिन लोकसभा में 18 घंटे चर्चा के लिए तय किए गए हैं। वहीं राज्यसभा में 10 घंटे तक संशोधन बिलों पर चर्चा होगी। भाजपा, कांग्रेस समेत सभी दलों ने अपने सांसदों को संसद में मौजूद रहने का व्हिप भी जारी किया है। सरकार को बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।**


## 2023 में महिला आरक्षण कानून बना

### लोकसभा

**NDA Vs I.N.D.I.A**

कुल सीट-543 | खाली-3 | वर्तमान संख्या-540

| पार्टी | सांसद | पार्टी | सांसद |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 240 | कांग्रेस | 98 |
| टीडीपी | 16 | एसपी | 37 |
| जेडीयू | 12 | टीएमसी | 28 |
| शिवसेना शिंदे | 7 | डीएमके | 22 |
| लोजपा (R) | 5 | शिवसेना (उद्धव) | 9 |
| जनसेना | 2 | एनसीपी (एस) | 8 |
| जेडीएस | 2 | आरजेडी | 4 |
| आरएलडी | 2 | सीपीआईएम | 4 |
| अपना दल (S) | 1 | जेएमएम | 3 |
| एजीपी | 1 | आईयूएमएल | 3 |
| एचएएम | 1 | सीपीआईएमएल | 2 |
| एनसीपी | 1 | सीपीआई | 2 |
| एजेएसयू | 1 | वीसीके | 2 |
| एसकेएम | 1 | जेकेएनसी | 2 |
| **कुल** | **292** | केरल कांग्रेस | 1 |
| | | आरएसपी | 1 |
| | | एमडीएमके | 1 |
| | | आरएलपी | 1 |
| | | बीएपी | 1 |
| | | अन्य | 4 |
| | | **कुल** | **233** |




***15 अन्य सांसद,*** *जो न NDA में हैं और न I.N.D.I.A में।*

### लोकसभा में 18 घंटे तो राज्यसभा में 10 घंटे चर्चा

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल दो विधेयक पेश करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक विधेयक पेश करेंगे। इन पर चर्चा के लिए 18 घंटे का समय तय किया है। इसके बाद राज्यसभा में 10 घंटे चर्चा होगी। पीएम मोदी कल ही चर्चा के दौरान अपनी बात रख सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को विपक्षी नेताओं के साथ मीटिंग की। कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है लेकिन लोकसभा में सीटें बढ़ाने के खिलाफ है। पूरा विपक्ष संसद में इसके खिलाफ वोट करेगा।

केंद्र सरकार ने 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद में पेश किया।

लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पारित हुआ। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून बना।




### पुराने कानून में क्या था

2027 की जनगणना और उसके बाद परिसीमन जरूरी था। इस वजह से यह कानून 2034 तक टल सकता था।


### लोकसभा में 75, राज्यसभा में 39 महिला सांसद

**लोकसभा**
कुल सीटें: 543
महिला सांसद
75 (13.7%)




मौजूदा सांसद
540 (3 सीट खाली)

**राज्यसभा**
कुल सीटें: 245
महिला सांसद
39 (15.9%)



मौजूदा सांसद
244 (1 सीट खाली)

### महिलाओं को रिप्रेजेंटेशन देने में पाकिस्तान और बांग्लादेश से भी पीछे भारत




*सिर्फ 4 देशों की संसद में 50% से ज्यादा महिलाएं*

- रवांडा 61%
- क्यूबा 53%
- बोलीविया 53%
- यूएई 50%

*संसद में महिलाओं के रिप्रेजेंटेशन में दुनिया के 198 देशों में भारत 148वें नंबर पर*

| 46वें | 111वें | 116वें |
|---|---|---|
| चीन | बांग्लादेश | पाकिस्तान |

*40 देशों में संसद में महिलाओं को आरक्षण दिया गया है। 50 से अधिक देशों में कई राजनीतिक दलों ने कानून में आरक्षण का प्रावधान किया है।*

- पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में महिलाओं के लिए 60 सीटें रिजर्व हैं।
- बांग्लादेश की संसद में महिलाओं के लिए 50 सीटें रिजर्व हैं।
- यूएई की फेडरल नेशनल कांउंसिल में महिलाओं के लिए 50% सीटें आरक्षित हैं।
- तालिबान के शासन से पहले अफगानिस्तान की संसद में महिलाओं के लिए 27% सीटें रिजर्व थीं।
- नेपाल की संसद में महिलाओं के लिए 33% सीटें रिजर्व हैं।
- इंडोनेशिया में उम्मीदवारों में कम से कम 30% महिलाएं होनी चाहिए।

नोट: भारतीय संसद के दोनों सदनों में 788 सदस्य हैं। इनमें से सिर्फ 103 महिलाएं यानी 13% हैं।

सोर्स: international Institute for Democracy and Electoral Assistarice

### ये बदलाव कैसे होंगे

1. कौन से बिल पेश होंगे: संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 बिल पेश किए जाएंगे। इस पर चर्चा होगी।
2. महिला आरक्षण इतना जरूरी क्यों: देश की आधी आबादी महिलाओं की है। संसद में उनका प्रतिनिधित्व 14 प्रतिशत के करीब रहा है। नीति निर्धारण में जेंडर समानता और महिलाओं के अधिकारों की प्राथमिकता देने लिए यह कदम उठाया जा रहा है।
3. पहले क्यों नहीं लिया गया फैसला: 1970 के दशक में परिवार नियोजन कार्यक्रमों के कारण राज्यों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए सीटों की संख्या को 2026 तक के लिए फ्रीज कर दिया गया था। 1971 की जनगणना के बाद से अब तक निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं में तो बदलाव हुआ, लेकिन कुल सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई गई।

■ वर्ष-12 अंक-162 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 16 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

दानानां च समस्तानां चत्वार्येतानि भूतले।
श्रेष्ठानि कन्यागोभूमिविद्या दानानि सर्वदा।।

**भावार्थ** : कन्यादान, गोदान, भूमिदान और विद्यादान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ हैं।

आचार्य पुस्तक निवास सहाय वासो।
बाह्या इमे पठन पञ्चगुणा नराणाम्।।

**भावार्थ** : आचार्य, पुस्तक, निवास, मित्र और वस्त्र – ये पाँच बाह्य गुण हैं जो पढ़ने के लिए आवश्यक हैं।

## सम्पादकीयम्

### मूल्येषु उच्छ्रितता

प्राथमिक-स्रोतरूपेण कार्यं करोति। अतः पूर्वं अमेरिकादेशः खर्गद्वीपे आक्रमणं कृतवान् आसीत्, यस्मिन् केन्द्रे इराणस्य ९०% तैलनिर्यातः प्रवहति। मूल्येषु उच्छ्रितता : गैसक्षेत्रेषु आक्रमणानां अनन्तरं यूरोपे प्राकृतिकगैसस्य मूल्येषु एकस्मिन् दिने ३०% इति विस्मयकारी वृद्धिः अभवत्। इदानीं कच्चे तैलस्य मूल्यं प्रतिबैरल् ११४ डॉलरपर्यन्तं वर्धितम् अस्ति। वर्तमानसङ्घर्षस्य आरम्भात् आरभ्य मूल्येषु प्रायः ६०% वृद्धिः अभवत्। भारतस्य विषये तु देशः पूर्वमेव एलपीजी-आपूर्तिसम्बद्धैः आव्हानैः सह ग्रस्तः अस्ति। अस्मिन् सन्दर्भे कतारस्य रास् लफ्फान् एलएनजी-टर्मिनलस्य उपरि आक्रमणेन तस्य चिन्ता अधिका भविष्यति, यतोहि भारतं स्वस्य प्राकृतिकवायु-आवश्यकतानां प्रायः आर्धं भागं कतार-देशात् क्रयति। दीर्घकालीनः प्रभावः अयं द्वन्द्वः यथा प्रचलति तत् दृष्ट्वा सम्पूर्णः पश्चिम एशियायाः क्षेत्रः दीर्घकालं यावत् अस्थिरः एव तिष्ठति इति जोखिमः दृश्यते अस्मिन् प्रदेशे राष्ट्राणां कृते राजस्वस्य प्राथमिकः स्रोतः पेट्रोलियमः अस्ति। यदि तेषां उत्पादन-आपूर्ति-शृङ्खलासु किमपि व्यवधानं भवति तर्हि तेषां सामान्यतायां पुनः स्थापनं समयग्राही प्रक्रिया भविष्यति। खाड़ीराष्ट्राणि सामूहिकरूपेण विश्वस्य तैलस्य प्रायः एकतृतीयभागं, तस्य प्राकृतिकवायुस्य १८% भागं च आपूर्तिं कुर्वन्ति; शेषः जगत् केवलं एतान् द्रव्यान् विना कार्यं कर्तुं न शक्नोति। परस्परं मतभेदाः : अमेरिका-इजरायल-देशयोः इच्छा अस्ति यत् ईरानी-जनसङ्ख्या वर्तमान-शासनस्य निष्कासनार्थं अग्रे गच्छेत्।

पेन्टिनाका-उड्डयन-मार्गस्य विस्तारेण इदानीं एम्पायर-क्रॉसिङ्ग-तः

## गोराबाजार-पर्यन्तं निर्माणं भविष्यति सरकार 70 करोड़ स्वीकृति अनुमोदित



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

पेन्टिनाका फ्लाईओवरस्य विषये महत्त्वपूर्णाः स्वागतयोग्याः च वार्ताः उद्भूताः-एषा परियोजना नगरस्य यातायातप्रवाहस्य सुव्यवस्थितीकरणे माइलस्टोन् इति मन्यते। लोकनिर्माणमन्त्री राकेशसिंहस्य विशेषप्रयत्नानाम् निदेर्शानां च अनन्तरं पथपरिवहनराजमार्गमन्त्रालयेन (भारतसर्वकारेण) परियोजनायाः कृते नूतना प्रशासनिकस्वीकृतिः प्रदत्ता, यत्र फ्लाईओवरस्य लम्बतायां पर्याप्तवृद्धिः अपि अन्तर्भवति। केवलं पेन्टिनाका-चतुष्कस्य वाईएमसीए-इत्यस्य च मध्ये एव सीमितस्य अपेक्षया इदानीं एम्पाय-क्रॉसिङ्ग-स्थले आरभ्य गोराबाजार-समीपं यावत् उड्डयन-मार्गः विस्तृतः भविष्यति एतेन निर्णयेन नगरस्य दक्षिणभागेषु मण्डलामार्गे च बहुधा यातायातस्य तीव्रजामस्य स्थायिविश्रामस्य आशा जनसमुदायस्य मध्ये प्रज्वलितवती अस्ति। उल्लेखनीयं यत् अस्याः परियोजनायाः निमार्णे पूर्वं रक्षाविभागेन उत्थापितानां आक्षेपाणां, विभिन्नानां तकनीकीबाधानां च कारणेन विलम्बः अभवत्; तथापि मन्त्री राकेशसिंहस्य निदेर्शानुसारं कृतेन नूतनेन सर्वेक्षणेन एतानि सर्वाणि बाधानि सफलतया निराकृतानि।

अस्याः महत्त्वपूणार्याः परियोजनायाः नूतनः खाचित्रः सम्पूर्णं परिवर्तनं कृतवान्, यत् मूलतः परिकल्पितस्य अपेक्षया दूरतरं भव्यं कार्यात्मकं च कृतवान्। केन्द्रीयसडकपरिवहनमन्त्रालयेन प्रदत्ता नूतना अनुमोदनानुसारम् अधुना सेतुबन्धनयोजना अन्तर्गतं फ्लाईओवरस्य निमार्णं भविष्यति। अस्याः संशोधितायाः योजनायाः अन्तर्गतं अधुना उड्डयनमार्गस्य मुख्यविस्तारः १४१५ मीट भविष्यति, यदा तु समीपस्थमागार्नां दीर्घता २८३ मीट इति निर्धारिता अस्ति अपि च-भविष्यस्य आवश्यकताः, वाहनयानयानस्य प्रत्याशितभारयुक्तं परिमाणं च मनसि कृत्वा-उड्डयनमार्गस्य उभयतः प्रत्येकं ७.५० मीट विस्तृताः सेवामार्गाः निर्मिताः भविष्यन्ति दीर्घतायाः वृद्ध्या सह परियोजनायाः अनुमानितव्ययः अपि वर्धितः अस्ति; अधुना 70 कोटिरूप्यकाणां अनुमानितव्ययेन उड्डयनमार्गस्य निमार्णं सम्पन्नं भविष्यति इति अनुमानितम् अस्ति। एतस्याः सफलतायाः विषये स्वस्य आनन्दं प्रकटयन् लोकनिर्माणमन्त्री राकेशसिंहः अवदत् यत् जबलपुरे यातायातप्रबन्धनं तस्य सर्वोच्चप्राथमिकतासु अस्ति, तथा च मण्डलादिशातः आगच्छन्तानाम् वाहनानां कृते नगरे सुचारुप्रवेशं सुनिश्चित्य एषः उड्डयनमार्गः निर्णायकः सिद्धः भविष्यति। जबलपुरस्य परिवर्तनशीलं परिदृश्यं आधुनिकं आधारभूतसंरचनं च प्रकाशयन् राकेशसिंहः स्पष्टीकरोति यत एषः केवलं पेन्टिनाका-उड्डयनमार्गः एव नास्ति; अपितु सम्पूर्णे नगरे एकत्रैव अनेकाः प्रमुखाः विकासपरियोजनाः आकारं गृह्णन्ति।

अनन्तरं जाँचसमित्याः

## निर्देशः दत्तः यत् सः विषये अधिकगहनं अन्वेषणं करोत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

फलतः याचिकाकर्ता पुनः उच्चन्यायालयस्य समीपं गत्वा अवमाननायाचिकाम् अङ्गीकृतवान्। न्यायालयेन गृहीतस्य कठोरस्य वृत्तेः अनन्तरं जाँचसमित्याः निर्देशः दत्तः यत् सः विषये अधिकगहनं अन्वेषणं करोतु। अस्मिन् चरणे सतर्कताविभागः, जिलाधिकारीकार्यालयः, पुलिसाधीक्षककार्यालयः च सम्मिलिताः संयुक्तजाँचः कृता त्रयोऽपि विभागैः प्रदत्तैः प्रतिवेदनैः सर्वसम्मत्या पुष्टिः कृता यत पार्षदेन प्रस्तुतं जातिप्रमाणपत्रं नियमानाम् अनुपालनं न करोति, अनुचितमार्गेण च प्राप्तम्। एतेषां आधाराणां आधारेण समितिः अन्तिमनिर्णयं कृतवती अस्ति, प्रमाणपत्रं सर्वथा शून्यं घोषितवती अस्ति। एतस्य निर्णयस्य अनन्तरं अधुना पार्षद कविता रायकवारस्य सदस्यतायाः स्थितिविषये प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। विशेषज्ञानाम् मतं यत् यदि प्रमाणपत्रं अमान्यं मन्यते तर्हि तस्याः पार्षदपदस्य वैधतायाः क्षतिः भवितुम् अर्हति, येन सम्भाव्यतया तस्याः पदात् निष्कासनं भवितुम् अर्हति।

एषः सम्पूर्णः घटनाक्रमः प्रशासनिकप्रक्रियाणां निर्वाचनव्यवस्थायाः च अन्तः पारदर्शितायाः विषये अपि बहसः उत्पन्नः अस्ति। अधिकारिभिः उक्तं यत्, भविष्ये अपि एतादृशाः घटनाः निवारयितुं एतादृशप्रमाणपत्राणि निर्गन्तुं प्रक्रिया अधिका कठिना भविष्यति। इदानीं यावत निर्णयेन राजनैतिकवृत्तेषु तीक्ष्णप्रतिक्रियाः उत्पन्नाः, आगामिषु दिनेषु अस्य विषयस्य अधिकं गतिः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

## संलग्नानाम् विरुद्धं पृथक कानूनी कार्यवाही अपि आरभ्यते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

सर्वप्रथमं च मोनालिसा इत्यस्याः वास्तविकवयोः सत्यापनम् भविष्यति। एतदर्थं तस्याः जन्मप्रमाणपत्रं, विद्यालयस्य अभिलेखाः, अन्ये च प्रासंगिकाः दस्तावेजाः परीक्षिताः भविष्यन्ति। यदि जालसाजीदस्तावेजाः निर्मिताः इति सिद्धं भवति तर्हि तत्र संलग्नानाम् विरुद्धं पृथक कानूनी कार्यवाही अपि आरभ्यते। अपि च विवाहस्यैव वैधतायाः विषये प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति । यदि विवाहसमये बालिका नाबालिगः इति स्थापितं भवति तर्हि विवाहः स्वयमेव शून्यः इति गणयितुं शक्यते स्म। एतादृशे परिदृश्ये न्यायालयः विवाहं अपि रद्दं कर्तुं शक्नोति। मोनालिसा पूर्वं विवाहः स्वेच्छया एव इति उक्तवती आसीत्, लव जिहाद् इति विषये अनुमानं च निरस्तं कृतवती। सा हिन्दुसंस्कारानुसारं स्वेच्छया विवाहं कृतवती, किमपि प्रकारस्य धर्मान्तरणं न जातम् इति प्रतिपादितवती।

## राशिफल

**मेष** : धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी, परंतु सेहत का भी ध्यान रखें।

**वृषभ** : आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। सेहत का ध्यान रखें। कारोबार के लिए परिवार से धन मिल सकता है।

**मिथुन** : कोशिश करें कि पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**कर्क** : मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह** : परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। व्यापार के लिए माता-पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**कन्या** : पिता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में बदलाव हो सकता है। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा।

**तुला** : लाभ के अवसर भी मिलेंगे, परंतु सेहत का भी ध्यान रखें। पार्टनर के साथ समय बिताएं और पैसों में जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक** : खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी पुराने काम को पूरा करने का मौका मिल सकता है।

**धनु** : परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा, पर कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** : पढ़ाई या प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। अपनों का साथ मिलेगा। धन लाभ हो सकता है।

**कुंभ** : किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के साथ बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। सेहत का ध्यान रखना जरूरी है।

**मीन** : मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी और सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि जयंती पर इन 3 राशि वालों पर प्रसन्न रहेंगे शनिदेव, करियर-कारोबार में होगी तरक्की

शनि जयंती के अवसर पर कुछ राशियों पर शनि देव की विशेष कृपा देखने को मिल सकती है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की संभावना है। आइए जानते हैं इन भाग्यशाली राशियों के बारे में

हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह का विशेष महत्व होता है, क्योंकि इस माह शनि जयंती का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि, भगवान शनि देव का जन्म ज्येष्ठ अमावस्या पर हुआ था। इसलिए हर वर्ष इस पावन दिन को शनि जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस साल 16 मई 2026 को शनि जयंती मनाई जाएगी। ज्योतिष शास्त्र में शनि देव को कर्मफलदाता कहा गया है, क्योंकि वह व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार ही फल देते हैं। मान्यता है कि, इस दिन विधि-विधान से शनि देव की पूजा-अर्चना, काली चीजों का दान और सच्चे भाव से व्रत



रखने पर प्रभु प्रसन्न होते हैं। साथ ही अपने भक्तों के जीवन से दुखों को दूर करते हुए धन लाभ और तरक्की का आशीर्वाद देते हैं। इस दिन शनिदेव कुछ राशियों पर भी प्रसन्न रहते हैं और अपना आशीर्वाद बनाए रखते हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों के लिए शनि जयंती का समय अनुकूल साबित हो सकता है। माना जा रहा है कि, शनि देव की कृपा से आपके रुके हुए कार्य पूरे होने लगेंगे। नए काम को करने की सभी योजनाएं सफल होती हुई नजर आएंगी। धन लाभ होगा और भौतिक सुख भी बढ़ेगा। नौकरी पेशा जातकों को वेतन में वृद्धि के योग हैं। व्यापार में मेहनत का फल मिलने लगेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति मजबूत होगी। इस समय आर्थिक स्थिति में भी सुधार के संकेत हैं।

**मकर राशि–** मकर राशि वालों को इस दौरान विशेष लाभ मिलने की संभावना है। दरअसल, इस राशि के स्वामी शनि देव हैं, इसलिए उनकी कृपा से करियर में कई अच्छे बदलाव आने की संभावनाएं अधिक हैं। व्यवसाय में उन्नति के योग बनेंगे। आपको नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही परेशानियां धीरे-धीरे खत्म हो सकती हैं। धन लाभ के अवसर मिलेंगे और निवेश से भी फायदा हो सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि वालों के लिए यह समय नई शुरूआत लेकर आ सकता है। पुराने अधूरे काम पूरे होंगे और मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शनि देव की कृपा से नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। कुंभ राशि वालों के विवाह मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होंगी और करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। खास बात यह है कि, कला के क्षेत्र में आपके प्रयास सफल होंगे। साथ ही आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, जिससे आप अपने लक्ष्य की ओर बढ़ पाएंगे।

## खबर एक नजर...

### बुलेट में लगा माडिफाईड सायलेंसर पुलिस ने निकलवाया

**उज्जैन।** बड़नगर में मंगलवार-बुधवार रात थाना प्रभारी अशोक पाटीदार द्वारा टीम के साथ वाहन चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान तेज आवाज करते हुए बुलेट क्रमांक एमपी 13 झेड बी 4456 गुजरी। पुलिस टीम ने उसे रोका और पूछताछ की तो चालक का नाम निलेश पिता राजेन्द्र खटोल 23 साल बड़नगर सामने आया। बुलेट में लगा सायलेंसर चैक करने पर माडिफाईड होना पाया गया। चालक को बुलेट के साथ थाने लाया गया, जहां रात में ही बुलेट से सायलेंसर निकलवाया गया और चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट अधिनियम में चालानी कार्रवाई करते हुए समन शुल्क वसूल किया गया। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि पूर्व में भी माडिफाईड सायलेंसरों को लेकर कार्रवाई की जा चुकी है। आगे भी नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

### पहले युवक पर थूका, फिर लात-घूंसों से की मारपीट

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र की सब्जी मंडी स्थित काम्पलेक्स के पास मंगलवार रात रोहित पिता प्रभुलाल नायक 18 साल निवासी ग्राम गंगाजलखेड़ा के साथ गौरीशंकर और उसके साथियों ने घूरकर देखने की बात पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल रोहित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि वह सब्जी मंडी स्थित काम्पलेक्स से बाथरूम करके बाहर आया था। उसी दौरान गौरीशंकर ने उस पर गुटका थूक दिया। उसे देखा तो गौरीशंकर ने कहा कि घूरकर क्यों देख रहा है। उससे थूकने की बात कही तो मारपीट की। पुलिस ने रोहित की शिकायत पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। गौरीशंकर की गिरफ्तारी के बाद उसके साथियों के नाम पते सामने आ पायेंगे।

### मोबाइल हैक कर खाते से निकाले 1.16 लाख रुपए

**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के खारी बावड़ी के पास रहने वाले गोकुल पिता बाबूलाल माली 30 साल का अज्ञात सायबर ठगों द्वारा मोबाइल हैक कर लिया गया और खाते से 1.16 लाख रुपए निकाल लिये। बिना ओटी और लिंक को क्लिक किये खाते से निकले रुपए की शिकायत गोकुल ने ऑनलाइन सायबर हेल्पलाईन 1930 पर दर्ज कराई। जहां से मामला बड़नगर थाने पहुंचा। पुलिस ने मामले में अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। बड़नगर थाना पुलिस के अनुसार गोकुल के साथ ठगी की वारदात 2 से 7 अप्रैल के बीच हुई है। बैंक से जानकारी प्राप्त कर पता लगाया जा रहा है कि खाते से निकले रुपए कहां और किस खाते में ट्रांसफर हुए है।

### ग्राम पंचायत सभा में सहायक सचिव और सचिव में विवाद

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम बनड़ा में ग्राम पंचायत भवन में सभा आयोजित की गई थी। इस दौरान सहायक सचिव हरपालसिंह पिता भगवानसिंह पंवार निवासी ग्राम बम्भोरी का सचिव यशपाल पिता सरदारसिंह ग्राम बम्भोरी से बीच में बोलने की बात पर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि मारपीट शुरु हो गई। ग्राम पंचायत के सदस्यों ने बीच-बचाव किया। मामला थाने पहुंचने पर दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। सचिव की ओर से पुलिस ने दर्पणसिंह की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस का कहना था कि दोनों के बयान दर्ज करने के साथ ग्राम पंचायत भवन में मौजूद सदस्यों के भी बयान दर्ज किये जायेंगे। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 458-7 | 269-7 |
| मेन बाजार | 366-5 | 779-3 |
| मिलन डे | 350-8 | 788-3 |
| मिलन नाइट | 460-0 | 458-7 |

1 3 7

### ढांचा भवन क्षेत्र में पेट्रोल डालकर मकान में लगाई आग और गोलियां चलाने वाले आरोपियों में से एक गिरफ्तार

# आगजनी में फरार 11 आरोपियों की तलाश में दबिश

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

ढांचा भवन क्षेत्र में पेट्रोल डालकर मकान में लगाई गई और गोलियां चलाने वाले आरोपियों की पहचान होने के बाद पुलिस गिरफ्तारी के लिये उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है। अब तक एक आरोपी हिरासत में आया है, जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।



चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात पांच बाइक पर सवार होकर आये 13 से 15 बदमाशों ने एक मकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। बदमाशों ने क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से गोली भी चलाई थी। आगजनी का वीडियो सोश्ल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मनोहर गुर्जर की शिकायत पर उसके पुत्र रौनक गुर्जर के मकान में आग लगाने का प्रकरण दर्ज किया था। वीडियो के आधार पर 13 बदमाशों की पहचान हुई थी। जिसमें मुख्य बदमाश कमल पिता संतोष परमार निवासी निजातपुरा को सोमवार-मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार रात उसने पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास भी किया था, लेकिन घायल होने पर पुलिस ने उसे दबोच लिया था। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। उससे हुई पूछताछ में आगजनी में शामिल बुंदेला गैंग के 11 सदस्यों यशवेंद्र उर्फ छिंगु बुंदेला मोहननगर, किशोर पटेल चिंतामण, मोहित पटेल फाजलपुरा, अमन उर्फ बच्चा, बबलू ठाकुर, ओम उर्फ बच्चा, चिनू मराठा, निखिलेश उर्फ निक्कू मराठा, राहुल उर्फ भय्यू गोहर, आशुतोष उर्फ आशु गोहर, राहुल उर्फ सूर्या सूर्यवंशी सभी निवासी चिमनगंजमंडी के नाम सामने आये थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिये मंगलवार से पुलिस उनके ठिकानों पर दबिश देने का काम कर रही है। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया के अनुसार सभी आरोपी शहर से फरार हो गये है। उनके परिजनों से पूछताछ की पता लगाने के प्रयास जारी है। गिरफ्तारी कर सभी को जेल भेजा जायेगा।

### गोलीकांड को लेकर बनाई गई विशेष टीम

देवासगेट थाना क्षेत्र की हीरामील की चाल ब्रिज के नीचे 2 दिन पहले विष्णुपुरा में रहने वाले लव निर्मल को गोली मार दी गई थी। दोनों पैर में गोली लगने पर घायल लव ने गोली चलाने में शामिल जय उर्फ बच्चा चौहान, अनमोल गुर्जर और एक अन्य की जानकारी पुलिस को दी थी। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने चंद घंटो में गोली चलाने वाले जय उर्फ बच्चा को गिरफ्तार कर लिया था। जिससे रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। वहीं बदमाश अनमोल की गिरफ्तारी के लिये 2 थाना पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई। अनमोल कुख्यात गुर्जर गैंग का सदस्य है। जिसके खिलाफ पूर्व में कई अपराध दर्ज है। कुछ माह पहले उसने नीलगंगा क्षेत्र में भी गोली चलाई थी, उस अपराध में भी वह लगातार फरार चल रहा है।

# 40 डिग्री के पास तापमान चलने लगी गर्म हवा

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

मौसम अब पूरी तरह से सूरज के तेवर से प्रभावित होता दिखाई दे रहा है। तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। गर्म हवा चलने से दिन में सड़कों पर चला मुश्किल होने लगा है। मौसम विभाग ने लू चलने का अलर्ट जारी किया है।

अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में बारिश, ओलावृष्टि से लग रहा था कि इस बार गर्मी का प्रभाव कम रहेगा, लेकिन माह के 15 दिन गुजर जाने के बाद सूरज के तेवर काफी कड़क हो चुके है। गर्मी अपना असर दिखा रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो 40 डिग्री के करीब था। इससे पहले मंगलवार-बुधवार रात न्यूनतम तापमान में डेढ़ डिग्री की तेजी आई और 21 डिग्री दर्ज हुआ। दिन-रात के बढ़ते तापमान के बीच हवा की रफ्तार 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की हो गई है। जो काफी गर्म महसूस हो रही है। मौसम विभाग की माने तो एक-दो दिन में तापमान 42 डिग्री के करीब पहुंच सकता है। और लू चलने का खतरा बढ़ सकता है। मई माह के प्रथम सप्ताह में झुलसा देने वाली गर्मी पढ़ सकती है। वैसे तापमान में तेजी को देखते हुए इस बार मानसून की दस्तक के आसार भी जल्द दिखाई दे रहे है। संभावना है कि मई माह के अंत या जून के प्रथम सप्ताह में मानसून की दस्तक हो सकती है।

**गर्मी से बचने के होने लगे जतन-** तापमान के बढ़ते ही गर्मी से बचने के जतन लोगों ने शुरू कर दिये है। जहां घरों प्रतिष्ठानों में एसी,कूलर का सहारा लिया जा रहा है, वहीं घरों से बाहर निकलने वाली महिला धूप से बचने के लिये छातों और नकाब का सहारा ले रही है। युवा चेहरे पर गमछा, सिर पर टोपी और आंखों पर चश्मा लगा रहे है। तपती गर्मी में लोगों ने सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी के मटके और नान रख दिये है। दोपहर में अब सड़कों पर आवागमन कम होने लगा है। पॉश कालोनियों में सन्नाटा दिखाई दे रहा है।

**शीतल पेय का उपयोग करने से बचे-** भीषण गर्मी के दौरान में बोतल बंद शीतल पेय (कोल्ड्रिंग्स) का उपयोग करने से लोगों का बचना होगा। प्यास बुझाने के लिये ठंडा पानी और गन्ने का रस सबसे अच्छा है। शासकीय अस्पताल के डॉ. जितेन्द्र शर्मा के अनुसार तेज गर्मी के मौसम में तत्वा झुलस सकती है और लू लगने का खतरा भी बना रहता है, हो सके तो तेज धूप में बाहर ना निकले। जरूरी होने पर बचाव के साधनों का उपयोग करें। तेज बुखार आने या घबराहट होने पर डॉक्टरी सलाह लें।

# सप्लीमेंट्री आने पर 10वीं की छात्रा ने ब्रिज से लगाई छलांग

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं और 12 वीं का बुधवार को रिजल्ट घोषित कर दिया गया। परिणाम आते ही एक छात्रा ने मक्सीरोड ब्रिज से छलांग लगा दी। उसे सहेली उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंची। छात्रा को एक विषय में सप्लीमेंट्री आई थी।

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे के लगभग मक्सीरोड गोपालपुरा ब्रिज से एक युवती के छलांग लगाने की खबर मिली थी। पुलिस घटनास्थल पहुंची तो पता चला कि युवती को ई-रिक्शा से निजी अस्पताल पहुंचाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर सामने आया कि घायल युवती कक्षा 12 वीं की छात्रा दिपिका पिता कैलाश मालवीय 18 साल निवासी लौहारपट्टी नानाखेड़ा है। छात्रा का एक हाथ और पैर फेक्चर हो चुका था। छात्रा के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि उसे आकाउंट विषय में सप्लीमेंट्री आ गई थी। जबकि पेपर अच्छा गया था। रिजल्ट देखकर तनाव में आ गई थी, जिसके चलते उसने ब्रिज से छलांग लगाई है। प्रधान आरक्षक हरियाला के अनुसार घटना की जानकारी लगने पर परिवार अस्पताल पहुंच गया था।

**सहेली के घर आई थी गोपालपुरा-** बताया जा रहा है कि परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रा दीपिका खुश थी, वह रिजल्ट देखने के लिये नानाखेड़ा से आटो में सवार होकर टॉवर चौक पहुंची थी, जहां से गोपालपुरा में रहने वाली सहेली यांशिका नागवंशी के घर पहुंची। दोनों ने एमपी ऑनलाइन पर जाकर अपना रिजल्ट देखा। सप्लीमेंट्री आने पर दीपिका तनाव मे आ गई थी और सहेली से घर जाने का बोलकर निकल गई थी। लेकिन गोपालपुरा से युवती के कूदने की खबर क्षेत्र में फैली तो सहेली संदेह होने पर पहुंची उसने दीपिका को देखा और तत्काल आटो से अस्पताल लेकर गई।

### 13 दिन से रिमांड पर था एक आरोपी, अब तक 5 गिरफ्तार

# ड्रग्स बनाने का केमिकल मंगवाने वालों को भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

सिंथेटिक्स ड्रग्स बनाने का केमिकल मंगवा कर नशे का कारोबार शुरू करने वालों पुलिस ने 3 युवकों को गिरफ्तार किया था। 2 को जेल भेजकर मुख्य आरोपित को रिमांड पर लिया गया था। 13 दिनों की रिमांड के बाद बुधवार को उसे 2 अन्य आरोपितों के साथ कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।



चिमनगंज थाना पुलिस ने क्राइम ब्रांच और सायबर टीम के साथ 3 अप्रैल को आगररोड स्थित कृष्णा मोटर्स गैरेज पर दबिश देकर नशीला पदार्थ एमडीएमए बनाने के लिये मंगवाये गये। प्रतिबंधित केमिकल ब्रोनोपोल एवं 2-ब्रोमो-4-मिथाइल प्रोपियोफिनोन' जैसे घातक सब्सटेंस मंगवाने का खुलासा किया गया था। गैरेज से अर्पित उर्फ सौरभ गुप्ता निवासी तिरूपतिधाम एक्सटेंशन, रंजीत पिता करणसिंह गरोठ मंदसौर और ओमप्रकाश पिता घनश्याम शर्मा निवासी बडोद को गिरफ्तार किया था। 8.50 लाख नगद बरामद करने के साथ 75 किलो प्रतिबंधित मंगवाने का खुलासा हुआ था। चिमनगंज पुलिस ने मामले में धारा 30 का प्रकरण दर्ज कर सौरभ गुप्ता को पांच दिनों रिमांड पर लिया था। उसके 2 साथियों को जेल भेजा गया था। पांच दिनों की पूछताछ में प्रतिबंधित केमिकल झालावाड़ में बेचे जाने की जानकारी सामने आई थी। पुलिस ने झालावाड़ में दबिश देकर शाहरूख और उन्हेल में दबिश देकर गोविंद नामक युवक को हिरासत में लिया था। अर्पित की रिमांड अवधि 5 और उसके बाद 3 दिनों की फिर से बढ़वाई गई थी। इस दौरान सिंथेटिक ड्रग्स बनाने के कारोबार में शामिल कुछ ओर लोगों की जानकारी सामने आई। जिसमें मिल्कीपुरा क्षेत्र के युवक और झालावाड़ के कुछ लोगों का पता चला। लेकिन सभी फरार होना सामने आये। एसआई लक्ष्मण उइके ने बताया कि रिमांड पर चल रहे अर्पित गुप्ता और रिमांड अवधि में उसकी जानकारी पर पकड़ गये शाहरूख, गोविंद को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। मामले में फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com